  Don’t keep quite if someone bullies you.

Burden (n.) – बर्डन – बोझ / भार – Trouble / Load

- **माफ करना, मैं तुम्हारे लिए बोझ नहीं बनना**

चाहता।
Sorry, I don’t want to be a burden on you.

- **मजदूरों ने ट्रक पर ज़्यादा सामान रख दिया है।**
  The laborers have put the excess luggage on the truck.

Words that start with C –

Calamity (n.) – कलैमिटी – विपदा/ आपदा/ आफत/ त्रासदी – Disaster / Peril / Tragedy

- **उत्तराखंड में जब बाढ़ आयी थी तो केदारनाथ यात्रियों पर बड़ी विपदा आ गयी थी।**
  When the flood came in Uttarakhand, it was a massive calamity for the Kedarnath pilgrims.
- **हम जिस तरह पर्यावरण का नुकसान कर रहे हैं, उससे भविष्य में बहुत बड़ी आपदा आने वाली है।**

The way we are destroying nature, we might be facing a huge calamity in the future.

Caliber – (n.) – कैलिबर – मानसिक क्षमता / प्रतिभा / योग्यता – Ability / Talent

- **कंपनी ऐसे लोगों को साथ रखना चाहती है जिनमें काम करने की बहुत अधिक क्षमता हो।**
  The company wants to retain those people who have the immense calibre to work.
- **इस परीक्षा में सफल होने के लिए कड़े परिश्रम और लगन के साथ-साथ प्रतिभा भी चाहिए।**
  To succeed in this exam, along with hard work and dedication, caliber is also required.
- **उन सर की टीचिंग की क्षमता वाकई शानदार है।**
  That sir’s caliber of teaching is really superb.
- **हम सबको उनकी प्रतिभा का सम्मान करना**

चाहिए।
We all must respect his caliber.

Callous **(adj.)** – कैलस – कठोर / निर्दयी / निर्मम – Harsh / Rigid

- **अगर माता – पिता अपने बच्चे के साथ कठोर व्यवहार करेंगे और मार – पिटाई करेंगे तो बच्चे पर बुरा मानसिक प्रभाव पड़ेगा।**
  If mom – dad behave callously with their child and beat them, then it will have a destructive impact on the psychology of the child.
- **हमें अपने से नीचे काम करने वालों से कठोर तरीके से बात नहीं करनी चाहिए, आखिर वो हमारे लिए इतनी मेहनत करते हैं।**
  We should not talk callously to those working under us; after all, they are working so hard for us.

Calumniate **(v.)** – कलमनिएट – बदनाम करना – To defame

- **दूसरों की बात को केवल सुन कर के किसी को बदनाम मत करिए।**
  Don’t calumniate anyone just by listening to what others say.
- **जब आप दूसरों को बदनाम करते हैं तो आपकी खुद की छवि खराब हो जाती है।**
  When you calumniate others, your own image gets spoiled.

Candid (adj.) – कैंडिड – सच्चा / खरा / खुलकर बोलने वाला – Frank / Open

- **हमें अपने माता -पिता से कोई बात छुपानी नहीं चाहिए और हर बात खुलकर बतानी चाहिए जिससे हम किसी परेशानी में न पड़ें।**
  We should not hide anything from our parents and remain candid about everything so that we don’t land up in trouble.
- **अपने अच्छे दोस्तों के साथ हम काफी आराम**

से खुलकर बातें करते हैं और हिचकिचाते नहीं हैं।
We are candid with our close friends and never hesitate in sharing any issues with them.

Capability (n.) – केपेबिलिटी – योग्यता – Caliber / Competency

- **तुमने बचपन से बहुत मेहनत की है और तुम में इस परीक्षा में सफल होने की योग्यता है।**
  You have worked very hard since childhood, and you have the capability to succeed in this examination.
- **हमें किसी के पुराने ख़राब प्रदर्शन से उसकी योग्यता पर कभी सवाल नहीं उठाना चाहिए।**
  We should not raise questions over someone's capability on the basis of their previous bad performances.

Capacity (n.) – कपैसिटी – विस्तार / सामर्थ्य – Efficiency / Competence / Ability

- **तुम्हें खुद को कम नहीं आंकना चाहिए, थोड़ा सा और ज़ोर लगाओ क्योंकि इस कार्य को पूरा करने का सामर्थ्य तुम रखते हो।**
  You shouldn’t underrate yourself; do put in a bit more effort because you do have the capacity to complete this task.
- **धोनी का प्रदर्शन शुरू में ख़राब रहा, लेकिन उसे पता था कि उसमें बहुत सामर्थ्य है तो उसने मेहनत नहीं छोड़ी और अंततः सफल हुआ।**
  Dhoni’s performance was below average initially, but he knew that he had an excellent capacity, so he didn’t stop the hard work and eventually became successful.

Capital (adj.) – कैपिटल – पूँजी / राजधानी – Money / Chief / Prime / Primary

- **अपना नया व्यापार शुरू करने के लिए अजय**

ने पिछली नौकरी से जमा पूरी पूँजी उसमें लगा दी।
For starting his new business, Ajay invested all of his savings from his previous job.

- **भारत की राजधानी वैसे तो नई दिल्ली है, लेकिन मुंबई को आर्थिक राजधानी की उपाधि से नवाज़ा गया है।**
  Although New Delhi is the capital of India, yet Mumbai has been referred to as the economic capital of the country.

Captive **(n.)** – कैप्टिव – बंदी / कैदी – Prisoner

- **लॉकडाउन में घर पर बंद रहने से हमें ये समझ आ गया कि पक्षियों और जानवरों को पिंजरे के अंदर कैदी जैसा महसूस होता होगा।**
  After living confined in our houses during the lockdown, we understood about how birds and animals feel like a captive inside the cage.

- **ताज होटल पर हुए हमले में सारे आतंकवादी मारे गए थे, बस उसे कैदी बना लिया गया था।**
  In the attacks on the Taj Hotel, all the terrorists were killed, only he was held captive.

Capture (v.) – कैप्चर – बंदी बनाना / आकर्षित करना – To imprison / To attract

- **कारगिल युद्ध के दौरान नचिकेता को पाकिस्तानी सैनिकों ने बंदी बना लिया था।**
  Nachiketa was captured by Pakistani soldiers during the Kargil war.
- **शिकागो में विवेकानंद के भाषण ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।**
  Vivekananda’s speech in Chicago captured the attention of the audience.

Case (n.) – केस – मामला / स्थिति – Incident / Situation

- **पड़ोस में कोविड-19 का एक और मामला**

सामने आया है।
Another case of COVID-19 has been reported in the neighborhood.

- **आग लगने की स्थिति में हमें सीढ़ियों का इस्तेमाल करना चाहिए।**
  In the case of fire, we should use the stairs.

Categorically **(adv.)** – कैटेगॉरिकली – स्पष्ट रूप से – Clearly

- **उन्होंने स्पष्ट रूप से इस प्रतियोगिता में भाग लेने से इनकार कर दिया।**
  They categorically refused to take part in this competition.
- **उसने स्पष्ट रूप से कहा कि उसका कंपनी छोड़ने का कोई इरादा नहीं था।**
  She stated categorically that she had no intention of leaving the company.

Cater **(vt.)** – केटर – भोजन का प्रबंध करना /

आवश्यक चीज़ों की पूर्ती करना – Manage

- **अंजलि की शादी में उसके घरवालों ने बहुत ही अच्छे तरीके से मेहमानों के लिए खाने पीने का प्रबंध किया।**
  In Anjali’s wedding, his family members made excellent catering arrangements for the guests.
- **किसी भी मेहमान को अतिथि देवो भवः के अनुसार खाना खिलाकर ही भेजा जाता है।**
  According to the belief that the guests are God; a guest is definitely catered with a meal.

Cause (v.) – कॉज़ – कारण बनना – Reason / Motive

- **यह आपकी सभी समस्याओं का कारण था।**
  It was the cause of all your problems.
- **धूम्रपान न करें। यह विभिन्न बीमारियों का कारण बनता है।**
  Don’t smoke. It causes various

diseases.

Cautious **(adj.)** – कॉशस – सजग / सावधान – Watchful / Careful

- **हमें अपने स्वास्थ्य के बारे में अधिक सजग रहना चाहिए।**
  We should be more cautious about our health.
- **कार चलाते समय हमेशा सावधान रहें!**
  Always be cautious while driving the car!
- **सावधान रहिए, आजकल बहुत सारे फ्रॉड्स चल रहे हैं।**
  Be cautious, so many frauds are going on these days.
- **पब्लिक के बीच में इस संवेदनशील मुद्दे पर बोलते वक्त आपको सतर्क रहना चाहिए।**
  You should be cautious while speaking on this sensitive matter in public.

Censure **(n.)** – सैन्सर – दोष / आलोचना – Condemnation / Denunciation

- **इस मूवी में एक्टिंग के नाम पर बस गाने और स्टंट पेश किया गया, जिसकी अख़बारों और न्यूज़ चैनलों ने भी बहुत आलोचना की।**
  In this movie, only songs and stunts were displayed in the place of acting which was severely censured by newspapers and news channels.
- **एक सैनिक को अपने कार्य पूरा न करने के कारण अपने सीनियर अफ़सर से कड़ी आलोचना सहनी पड़ी और उसकी नौकरी खतरे में पड़ गयी।**
  Due to non completion of work by a soldier, he faced severe censure by his senior officers and his job got into danger.

Cereal **(n.)** – सीरियल – अन्न / अनाज – Grain / Nutriment

- **किसान की हमेशा इज़्ज़त और सम्मान करना चाहिए क्योंकि उन्हीं के कारण हमारे घरों में अनाज आ पता है।**
  Farmers should always be respected and honoured because they are the ones bringing cereal to our homes.
- **पापा कहते हैं कि जितने भी लोग मेहनत कर रहे हैं, बस अनाज के लिए कर रहे हैं।**
  Papa says, whoever is working hard, is doing it just for the sake of the cereal.

Certain **(adj.)** – सर्टेन – निश्चित / अवश्य – Sure / Definite

- **मैंने परीक्षा के लिए इतने अच्छे से मेहनत करी थी कि मुझे यह निश्चित पता था कि मेरा परिणाम अच्छा ही आएगा।**
  I had worked so hard for the exam that I was pretty much certain that my result was going to be great.
- **जीवन में किसी भी मोड़ पे कुछ भी हो सकता**



है इसलिए कुछ भी निश्चित नहीं है।
Anything can happen at any point in life; therefore, nothing is certain.

- **यह निश्चित है कि सोने की कीमत में बढ़ोतरी होती रहेगी।**
  It is certain that the price of gold will continue to go up.
- **सुशांत में कुछ ऐसे गुण थे जिनकी हर कोई सराहना करता है।**
  Sushant had certain qualities that everyone appreciates.

Challenge **(n.)** – चैलेंज – चुनौती/ सामना करना/ कठिनाई – Problem/ Difficulty

- **ज़िन्दगी एक चुनौती है।**
  Life is a challenge.
- **चुनौतियाँ हमें बेहतर बनाने के लिए हमारे पास आती हैं।**
  Challenges come to us to make us better.

Chaos **(n.)** – केओस – अस्त व्यस्त / तितर बितर – Lawlessness / Anarchy / Disorder

- **जब हम नियमों का पालन सही ढंग से नहीं करते हैं तो पूरी व्यवस्था अस्त – व्यस्त हो जाती है।**
  When we don’t follow the rules correctly, then chaos is created in the whole system.
- **ज़्यादा लोगों के हाथ में सत्ता होने से देश की हालत बहुत ही अस्त – व्यस्त हो जाती है।**
  The control of governance in many hands creates chaos in the nation.

Charge **(n. & v.)** – चार्ज – शुल्क / आरोप – Fee / Allegation

- **यहाँ पार्किंग के लिए कोई शुल्क नहीं है।**
  There is no charge for parking here.
- **संदिग्ध के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया गया है।**

No charges have been filed against the suspect.

Chase **(v.)** – चेज़ – पीछा करना / अनुसरण करना – To run after / To pursue

- **बिल्ली ने चूहे का पीछा किया, लेकिन उसे पकड़ नहीं पाई।**
  The cat chased the mouse, but could not catch it.
- **हमें सफलता प्राप्त करने के लिए अपने सपनों के पीछे भागना चाहिए।**
  We should chase our dreams to get success.

Cheap **(adj.)** – चीप – सस्ता / घटिया – Low-priced / Immoral

- **आजकल आलू बहुत सस्ते हैं।**
  Potatoes are very cheap nowadays.
- **आग पर चलना सिर्फ एक घटिया प्रचार स्टंट है।**

Walking on fire is just a cheap publicity stunt.

Cherish (v.) – चैरिश – संजोकर रखना / उम्मीद रखना – To treasure / To desire

- **हम सभी अपने बचपन की अनमोल यादों को दिल में संजोकर रखते हैं।**
  We all cherish the precious memories of our childhood in our heart.
- **नेहा उम्मीद करती है कि वह किसी दिन गायिका बनेगी।**
  Neha cherishes that she will become a singer someday.

Child’s play (Phr.) – चाइल्ड्स प्ले – बच्चों का खेल – Easy to perform

- **भाषा सीखने के लिए हार्डवर्क की आवश्यकता होती है; यह बच्चों का खेल नहीं है।**
  Learning a language needs hard work; it’s not a child’s play.

- **अरबपति बनना बच्चों का खेल नहीं है।**
  Becoming a billionaire is not a child’s play.
- **यह मेरे लिए बच्चों का खेल है।**
  It’s a child’s play for me.

Chorus-(n.) – कोरस – गायकों का समूह – Quire / Concert

- **मेरा छोटा भाई बहुत सुरीला गाता है और वह अपने स्कूल के गायकों के समूह में भी शामिल है।**
  My younger brother sings melodiously, and he is also a part of his school’s chorus.
- **गायकों के समूह में सभी गायक एक साथ और बड़े ही बेमिसाल ताल – मेल के साथ गाते हैं।**
  In a chorus, all the singers sing together and maintain excellent rhythm amongst each other.



Chorus-**(n.)** – कोरस – गायकों का समूह – Quire / Concert

- **मेरा छोटा भाई बहुत सुरीला गाता है और वह अपने स्कूल के गायकों के समूह में भी शामिल है।**
  My younger brother sings melodiously, and he is also a part of his school’s chorus.
- **गायकों के समूह में सभी गायक एक साथ और बड़े ही बेमिसाल ताल – मेल के साथ गाते हैं।**
  In a chorus, all the singers sing together and maintain excellent rhythm amongst each other.

Chronic **(adj.)** – क्रॉनिक – लम्बा / काफी समय से चला आ रहा – Old / Longstanding

- **बॉलीवुड के कुछ बेहतरीन अभिनेता इस साल**

बहुत ही लम्बे समय से चल रही उनकी बीमारियों के कारण हमें छोड़ कर चले गए।
Some of the most wonderful actors of Bollywood, after their chronic illnesses, passed away this year.

- **रेखा के पिता को काफी लम्बे समय से पीठ में परेशानी है जो अभी तक ठीक नहीं हो पायी है।**
  Rekha’s father has a chronic pain in the spine which has not been cured yet.

Circumstances (n.) – सर्कमस्टैन्सेज़ – परिस्थिति /हालात – Situations / Conditions

- **प्रतिकूल परिस्थितियों में काम करने के लिए कोविड योद्धाओं पर गर्व होना चाहिए।**
  One should be proud of COVID warriors for working in adverse circumstances.
- **कोरोना महामारी की वजह से दुनियाभर के हालात बदलते जा रहे हैं।**

Due to Corona pendemic, circumstances all over the world are being changed.

Civilization **(n.)** – सिविलाइज़ेशन – सभ्यता – Culture

- **नए बन रहे शहर हमारी सफल पुरानी सभ्यताओं से प्रेरित है, जैसे कि मोहनजोदड़ो सभ्यता जो कई सौ साल पहले स्थापित हुई थी।**
  Newly planned cities are inspired by our successful ancient civilizations such as the Mohenjodaro civilization, which was established many years ago.
- **हम भारतवासियों को अपनी पुरानी सभ्यताओं पर गौरवान्वित होना चाहिए और गर्व से पूरे दुनिया को बताना चाहिए।**
  We Indians should take pride in our ancient civilizations and proudly let the world know about them.

Clarify **(vt.)** – क्लैरिफाई – स्पष्ट करना – Elucidate / Explain

- **जब हम कोई भी कानूनी काम कर रहे हों तो जांच परख के स्पष्ट रूप से उसकी पड़ताल कर लेनी चाहिए।**
  When we are doing something which involves jurisdiction/legal procedures, then it should be clarified and enquired about thoroughly.
- **अगर हम अपनी बात को घूमा – फिरा के कहेंगे तो किसी को भी समझ नहीं आएगा इसलिए स्पष्टता के साथ बोलना चाहिए।**
  If we convey our thoughts in a roundabout manner, then nobody will be able to understand, and that’s why we should tell things in a more clarified way.

Clip **(n. & v.)** – क्लिप – अंश / कतरना – An excerpt / To shorter

- **सभी लोगों को वीडियो का यह अंश देखने में बहुत मज़ा आया।**
  Everybody enjoyed watching this clip from the video.
- **तोते के पंखों को कतरकर उसे पिंजरे में डाल दिया गया।**
  The parrot’s wings were clipped and it was put in the cage.

Coalition **(n.)** – कोएलिशन – मेल – Union / Syndicate

- **जब किसी पार्टी/ दल को चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाता है तब वह दूसरी किसी पार्टी/ दल के साथ मेल करके सरकार बनाती है।**
  When a party doesn’t get a full majority in elections then it does a coalition with another party to form the government.
- **कई बार जब बड़ी – बड़ी कम्पनियाँ किसी**

प्रोजेक्ट में बहुत पैसा लगाती हैं तो वह अकेले निवेश करने के बजाए दूसरे कंपनी से मेल करके उसके साथ निवेश करती है ताकि उसे मुनाफ़ा बहुत बड़ा हो।
Many a time when big companies invest heavily in a particular project, they usually don’t do it alone; instead, they form a coalition with some other company and invest together so that the profit is enormous.

Coarse (adj.) – कोर्स – अभद्र / मोटा / खुरदुरा – Plump / Thick / Rough

- **हमेशा बच्चों को मीठा बोलना सिखाना चाहिए, नहीं तो अगर वह गलत संगति में आ गए तो अभद्र भाषा का प्रयोग करेंगे।**
  Children should always be taught to speak softly; otherwise, if they connect to the wrong company, they will start using coarse language.

- **इस कपड़े को पहनने से मेरे शरीर पर छाले हो गए हैं क्योंकि यह इतना खुरदुरा है कि त्वचा को सूट नहीं करता।**
  By wearing this cloth, I have developed sores on my skin because its material is so coarse that it doesn't suit the skin.

Collaborate **(vi.)** – कोलबरेट – एक साथ कार्य करना / सहयोग – Join together

- **रिलायंस जिओ और गूगल ने भारत में नयी क्रांति लाने के लिए एक साथ कार्य करने का फैसला किया है।**
  Reliance Jio and Google have decided to collaborate in order to bring a new revolution in the country.
- **एक टीम में काम करने के लिए सभी साथियों का आपस में कार्य करना और ताल – मेल बनाए रखना बहुत ज़रूरी है।**
  For working in a team, it's crucial to

collaborate well in the work amongst each other and maintain a good rhythm.

Collapse **(vi.)** – कोलैप्स – गिर जाना / ढह जाना – Disruption / Catastrophe

- **जब पूरे विश्व में आर्थिक मंदी आयी तो स्टॉक मार्किट बहुत ही बुरी तरह गिरा और कई लोगों को भारी नुकसान हुआ।**
  When the economic recession came, the stock market collapsed severely, and many people suffered huge losses.
- **जब सड़क पर चल रही एक गाड़ी के ऊपर, अचानक से एक बड़ा सा पेड़ आ गिरा तो वह गाड़ी पूरी तरह पिचक गयी।**
  When a colossal tree suddenly fell on a car, running on the road; it collapsed severely.

Collide **– (vi.)** – कोलाइड – टकराना – Run into

/ Draw together / Meet / Bump

- **ठंड के मौसम में धुंध के कारण हमेशा सुनने में आता है कि हाईवे पर ट्रक और गाड़ियों के बीच टक्कर हो गयी।**
  During winters, due to the fog, we often come across the news that the trucks and the cars collided on the highway.
- **नाचते समय नित्या का सिर घूमने लगा और उसे चक्कर आ गए तो वह दीवार से जा टकराई।**
  While dancing, Nitya experienced dizziness and collided with the wall as she fell.

Come to know (phr.) – कम टु नो – पता चलना – Get to know

- **मुझे उसके बारे में कल ही पता चला।**
  I came to know about her yesterday itself.

I got to know about her yesterday itself.

- **जब आप बाहर निकलते हैं, तब आपको दुनियादारी का पता लगता है।**
  When you go out, you come to know about life.
  When you go out, you get to know about life.

Come to light **(Phr.)** – कम टु लाइट – सामने आना / उजागर हो जाना – Open up

- **यह निश्चित रूप से सामने आएगा।**
  It will come to light for sure.
- **अगर आपने मुझे इसके बारे में नहीं बताया होता, तो यह बात सामने नहीं आयी होती।**
  If you hadn’t told me about it, it wouldn’t have come to light.

Comfort **(n.)** – कम्फर्ट – आराम/ सुविधा – Ease / Calm / Peace of mind

- **अगर आप जीवन में तरक्की करना चाहते हैं तो आपको अपने आराम को छोड़ना होगा।**
  If you want to progress in life, you will have to leave your comforts.
- **हर व्यक्ति आराम से रहना चाहता है।**
  Everybody wants to live in comfort.

Comfortable **(adj.)** – कम्फर्टेबल – आरामदायक / सहज – Convenient / Restful

- **आधुनिक तकनीकों ने हमारे जीवन को अधिक आरामदायक बना दिया है।**
  Modern technologies have made our lives more comfortable.
- **मैं इंग्लिश बोलने में ज़्यादा सहज नहीं हूँ।**
  I am not so comfortable in speaking English.

Commitment **(n.)** – कमिटमेंट – वायदा / वचनबद्धता – Promise / Dedication

- **वचनबद्धता के लिए कड़ी मेहनत और अनुशासन की आवश्यकता होती है।**
  Commitment requires hard work and discipline.
- **उसने समय पर किराया देने का वायदा किया है।**
  He has made a commitment to pay rent on time.

Communication (n.) – कम्यूनिकेशन – बोलचाल / व्यवहार / खबर – Talking / Message / Information

- **अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय बोल-चाल की भाषा है।**
  English is the language of international communication.
- **उसके बातचीत के तरीके में सुधार किया जा सकता था।**
  His communication skills could be improved.

Commence– (vt.) – कमेन्स – शुरुआत / प्रारम्भ

/ आगाज़ – Start / Begin

- **2020 ओलंपिक की शुरुआत इसी साल जुलाई में जापान में होने वाली थी जो कोरोना के कारण स्थगित हो गयी है।**
  The 2020 Olympics was scheduled to commence from July this year which got postponed due to corona.
- **हर बड़े चीज़ की शुरुआत छोटे – छोटे क़दमों से ही की जाती है जो मिलकर उस बड़े कदम को जन्म देते हैं।**
  Every big thing commences with small steps which join together to give rise to that big step.

Commend **(vt.)** – कमैन्ड – तारीफ करना / प्रशंसा करना – Applaud / Admire

- **जब गाँव की एक लड़की सीमा ने डॉक्टर बनने के बाद विदेश जाकर पैसे कमाने के बजाय गाँव के लोगों का मुफ्त इलाज और उपचार करने का**

निर्णय लिया तो सभी ने उसे सराहा।
When a girl from the village after becoming a doctor, decided not to go abroad and earn money but rather treat and cure the villagers for free, her decision was widely commended by all.

- **प्रधान मंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के परिणाम स्वरूप देश के कई कोनों में बदलाव देखा गया जिसके बाद उनकी सबने बहुत प्रशंसा की।**
  As a result of the Prime Minister's Swacch Bharat campaign, massive changes were seen across the parts of the country, and after that everyone appreciated him.

Commendable **(adj.)** – कमैन्डेबल – सराहनीय / प्रशंसनीय – Admirable / Praiseworthy

- **गरीब बच्चों की मदद करने की आपकी पहल**

बेहद सराहनीय है।
Your initiative to help the poor children is highly commendable.

- **अमन की कड़ी मेहनत वाकई में सराहनीय है।**
Aman’s hard work is really commendable.

ENGLISH बोलना सीखें !
एकदम ZERO से

1 MILLION +
SATISFIED CUSTOMERS
★★★★★

भारत की सबसे प्रसिद्ध
"इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स" किट

- Lesson-wise Videos
- Grammar Lessons
- Spoken Topics
- Vocabulary Lessons
- Conversation Lessons
- Translation Lessons
- Practice Lessons
- English Charts

ऑनलाइन ऑर्डर करने के लिए
CLICK HERE

घर बैठे मंगवाएँ
8448443310
BEST SELLER
Spoken English Guru
Complete Course Kit
100% SUCCESS
घर बैठे अंग्रेज़ी सीखें
इंग्लिश स्पीकिंग किट
SanDisk
64

Comment **(n.)** – कॉमेन्ट – टिप्पणी / मत –

Remark / Opinion

- **लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, “अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।”**
  The Lok Sabha Speaker said, “Defamatory comment will not be tolerated.”
- **क्या मैं इस विडियो पर आपका मत जान सकता हूँ?**
  May I know your comment on this video?

Compassion **(n.)** – कम्पैशन – दया – Pity / Mercy

- **हमें मूक जानवरों और पक्षियों के प्रति दया -भाव रखना चाहिए, आखिर वे भी जीवित प्राणी हैं।**
  We should have compassion towards mute animals and birds; after all, they are also living beings.

- **मदर टेरेसा का व्यक्तित्व बहुत ही प्रभावशाली था और वो ग़रीबों और ज़रूरतमंदों के प्रति दया भाव रखती थीं।**
  Mother Teresa's personality was very inspirational, and she had compassion towards the needy as well as the poor.

Compare (v.) – कम्पेयर – तुलना / मिलान – Relating / Matching

- **अपने बच्चों की तुलना दूसरों के साथ न करें।**
  Don't compare your children with others.
- **अनिता हमेशा अपनी सास की तुलना अपनी माँ से करती है।**
  Anita always compares her mother-in-law with her own mother.

Compatible (adj.) – कम्पैटिबल – संगत, अनुरूप – Relevant

- **हमें एक दूसरे का साथ भाता नहीं है।**

We are not compatible with each other.

- **ये सॉफ्टवेअर मेरे मोबाईल के अनुरूप नहीं है।**
  This software is not compatible to my mobile.

Complain (v.) – कम्प्लेन – शिकायत करना/ आलोचना करना – To report / To criticise

- **यदि आप इस होटल की सेवा से नाखुश हैं,तो आपको प्रबंधक से शिकायत करनी चाहिए।**
  If you are unhappy with the services of this hotel, you should complain to the manager.
- **नर्सों ने अधिक काम और कम वेतन होने की आलोचना की।**
  Nurses complained of being overworked and underpaid.

Complimentary (adj.) – कॉम्प्लिमेन्टरी – प्रशंसा के साथ मुफ्त मिला हुआ कुछ – Free

- **मुझे फिल्म के लिए दो मुफ्त टिकट मिले हैं।**

I’ve got two complimentary tickets for the movie.

- **यह सूप भोजन के साथ आपके लिए नि:शुल्क है।**
  This soup is complimentary for you with the meal.

Compound (n.) – कम्पाउन्ड – यौगिक / परिसर – Mixture / Complex

- **सल्फर डाइऑक्साइड सल्फर और ऑक्सीजन का यौगिक है।**
  Sulfur dioxide is a compound of sulfur and oxygen.
- **बच्चे अक्सर स्कूल परिसर में खेलते रहते हैं।**
  Children often use to play within the school compound.

Conceal (v.) – कन्सील – छिपाना – Hide

- **आपको ये तथ्य लोगों से नहीं छिपाना चाहिए।**
  You shouldn’t conceal this fact from

the public.

- **हम सत्य को ज्यादा देर तक छिपा नहीं सकते।**
  We can’t conceal the truth for long.

Concentration (n.) – कॉन्सन्ट्रेशन – एकाग्रता / सान्द्रता – Focus / Density

- **शतरंज के खेल के लिए उच्च स्तर की एकाग्रता की आवश्यकता होती है।**
  The game of chess requires high level of concentration.
- **समुद्र के पानी में नमक की सान्द्रता बहुत अधिक होती है।**
  The concentration of salt in sea water is very high.

Concern (v.) – कन्सर्न – चिंता / संबंधित – To worry / To deal with

- **माता-पिता को अपने बच्चों के भविष्य के बारे में ज़्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए।**
  Parents should not concern too much

about the future of their children.

- **फ्रांसीसी उपन्यास “तीन बंदूकधारी सैनिक” तीन सैनिकों से संबंधित है।**
  The French novel “Les Trois Mousquetaires” concerns with three soldiers.

Conclude **(vt.)** – कन्क्लूड – समाप्त करना – Finish / End

- **स्कूल के एनुअल फंक्शन में हर तरह के नृत्य संगीत और भाषण के बाद प्रिंसिपल ने मुख्य अतिथि का सम्मान करके समारोह का समापन किया।**
  After all sorts of dance, music performances as well as speech in the annual function of the school, the principal concluded it by felicitating the chief guest for the night.
- **ख़राब शुरुआत और लड़खड़ाती हुई पारी को धोनी ने संभाला और फिर भारत ने शानदार**

तरीके से पारी को समाप्त किया।
Dhoni stabilised a lousy start and crumbling innings, and then India concluded the innings on a brilliant note.

Condemn (verb) – कन्डैम – निंदा करना / सजा देना – To criticize / To sentence

- **आज दुनिया में ज्यादातर लोग आतंकवाद की निंदा करते हैं।**
  Today, most people in the world condemn terrorism.
- **हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा दिए जाने की संभावना है।**
  The murderer is likely to condemn to life imprisonment.

Condition (n.) – कन्डीशन – शर्त/हालत -Term / Physical fitness

- **समझौते की शर्त के अनुसार,हमें एक सप्ताह**

के भीतर घर खाली करना होगा।
As per the condition of the agreement, we will have to vacate the house within a week.

- **दो दिन के इलाज के बाद अमिताभ की हालत आज काफी बेहतर है।**
  The condition of Amitabh is much better today after the treatment of two days.

Confection-**(n.)** – कन्फैक्शन – मिठाई / मिठाई से जुडी सामग्री जैसे केक, बिस्किट वगैरह

- **सिद्धार्थ के पिताजी इस शहर के जाने माने आदमी है और उनकी जयपुर में पच्चीस मिठाई की दुकानें हैं।**
  Siddharth’s father is one of the noted persons of the city, and he has around 25 confectionery shops in Jaipur.
- **कोचिंग से घर वापस आते वक़्त मुझे बहुत भूख लग रही थी तो मैंने मिठाई की दुकान से**

वनीला पेस्ट्री खा ली।
After coming back home from coaching, I was feeling hungry, so I had vanilla pastry from the confectionary shop.

Confidence **(n.)** – कॉन्फिडेन्स – आत्मविश्वास/भरोसा – Belief / Faith

- **आत्मविश्वास सफलता के लिए बहुत जरुरी चीज है।**
  Self- confidence is the key to success.
- **स्पोकन इंग्लिश गुरु चैनल के विडियोज़ मुझे अधिक भरोसा देते हैं कि मैं भी इंग्लिश सीख सकता हूँ।**
  Spoken English Guru channel’s videos give me more confidence that even I can learn English.

Conducive **(n.)** – कन्ड्यूसिव – अनूकूल, सहायक – Helpful

- **ये आपके बच्चे के लिए अनुकूल माहौल नहीं है।**
  This is not a conducive environment for your child.
- **रोज एक्सरसाइज़ करना हमारे दिमाग और बॉडी के लिए अनूकूल है।**
  To exercise every day is conducive for our mind & body.

Confess **(v.)** – कन्फैस – स्वीकार करना / पाप कबूल करना – Acknowledge / Admit

- **नीरव ने स्वीकार कर लिया कि उसने पैसे चुराए थे।**
  Nirav confessed that he had stolen the money.
- **लोग अक्सर चर्च में अपने सारे पाप कबूल कर लेते हैं।**
  People often confess all their sins in the Church.



Confess **(v.)** – कन्फैस – स्वीकार करना / पाप कबूल करना – Acknowledge / Admit

- **नीरव ने स्वीकार कर लिया कि उसने पैसे चुराए थे।**
  Nirav confessed that he had stolen the money.
- **लोग अक्सर चर्च में अपने सारे पाप कबूल कर लेते हैं।**
  People often confess all their sins in the Church.

Confidant **(n.)** – कॉन्फिडन्ट – विश्वासपात्र / खास दोस्त – Swarm friend / Close friend

- **वह ऐसा कभी नहीं कर सकता है, मुझे पूरा भरोसा है अपने ख़ास दोस्त के ऊपर, जो हमेशा मेरा भला ही सोचता है।**
  He can never do anything of this sort,

and I have full faith in my confidant who always wishes well for me.

- **हर किसी को अपने जीवन में एक ऐसे ख़ास दोस्त की ज़रुरत होती है जिसके साथ वो हर बात बिना डरे और हिचकिचाहट के बोल पाए।**
  Everyone needs one such confidant in their lives with whom they can share everything without being fearful or hesitant.

Confide **(vi.)** – कंफाईड – विश्वास करना / भरोसा करना – Believe / Rely

- **हमारे माता – पिता को हमारे ऊपर बहुत भरोसा रहता है इसलिए हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे उस भरोसे पर कोई आंच आए।**
  Our parents confide in us a lot, so we should not do anything of such sort which breaks their trust in us.
- **आज कल इतने सारे फ्रॉड होने लग गए हैं कि किसी भी अनजान आदमी पर आँख बंद करके**

भरोसा नहीं किया जा सकता है।
Nowadays, there are so many incidents of fraud that it's not possible to confide in a stranger blindly.

Confined **(Adj.)** – कंफाईन्ड – सीमित रहना / के अंदर रहना – Limited / Bound

- **रमेश अपनी गंभीर बीमारी के कारण बिस्तर तक ही सीमित रह गया है।**
  Ramesh is confined to bed due to his serious illness.
- **पहले, महिलाएँ अपने घर की चारदीवारी के अंदर रहती थीं।**
  Earlier, women were confined to the four walls of their houses.

Conflict **(n.)** – कॉन्फ्लिक्ट – झगड़ा / लड़ाई / मुठभेड़ – Dispute / Quarrel

- **पुरानी हवेली की ज़मीन को लेकर दो भाइयों के बीच में झगड़ा इतना बढ़ गया कि बात एक**

दूसरे की जान लेने तक आ गयी।
The conflict between two brothers for a piece of land of an old mansion aggravated to such a level that it came down to taking each others’ lives.

- **चुनाव के दौरान, दो गुटों के बीच बहुत ही भयंकर झगड़ा हुआ जिसमें पार्टी के एक कार्यकर्ता की मौत हो गयी।**
  During the elections, two groups had a horrible conflict in which one of the party workers died.

Confusion **(n.)** – कन्फ्यूज़न – उलझन/ संदेह – confusion / doubt

- **मैं आपकी उलझन को समझ सकता हूँ।**
  I can understand your confusion.
- **उसने किसी भी संदेह से बचने के लिए सभी बक्सों पर लेबल लगा दिया।**
  He labeled all of the boxes to avoid any confusion.

Conquer **(vt.)** – कॉन्कर – जीतना / सफलता हासिल करना – Win / Victory / Overpower

- **महान राजा सिकंदर की वीर गाथा सदियों से चली आ रही है जिसमें उन्होंने हर लड़ाई में फ़तह हासिल की थी।**
  The great king Alexander’s heroic saga has been told for so many years in which he conquered all of his wars.
- **अगर हमें सफलता पानी है तो हमें अपने डर पर फ़तह करना होगा तभी जाकर हम अपने लक्ष्य तक पहुँच पाएंगे।**
  If we want to achieve success, then we have to conquer our fear, then only we’ll be able to reach our goal.
- **सिकंदर पूरी दुनिया को जीतना चाहता था।**
  Alexander wanted to conquer the whole world.
- **अरुणिमा सिन्हा माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाली पहली विकलांग महिला हैं।**
  Arunima Sinha is the first disabled

woman to conquer Mount Everest.

Conscience **(n.)** – कॉन्शंस – विवेक / सही और गलत की पहचान कर पाना – Spirit

- **कई बार जीवन में मुश्किल घड़ी में यह मायने रखता है कि हमारा विवेक कितना अच्छा है।**
  Many times in life during the difficult times, it matters how good our conscience is.
- **अगर हम महान लोगों के चरित्र को देखेंगे तो ये पाएंगे की उनमें बहुत ही ज़्यादा धैर्य और विवेक था।**
  If we look at the characters of great personalities, we will get to know that they had great patience and conscience.

Consecutive-**(adj.)** – कन्ज़ैक्यटिव – लगातार / एक के बाद एक – Continuously

- **बचपन में मास्टर जी हमें एक ही गलत जवाब**

को सही करके लगातार लिखने को बोलते थे।
In childhood, teacher used to tell us to correct a wrong answer and write it consecutively.

- **भारत के महानतम हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद ने भारत को ओलंपिक में लगातार तीन बार सोने का तमगा दिलाया था।**
  One of greatest hockey players of India, Major Dhyan Chand secured gold medals for India in consecutive three years.

Consequence **(n.)** – कॉन्सिक्वेन्स – परिणाम/ नतीजा – Result / Outcome

- **उसे गंभीर परिणाम झेलने पड़ सकते हैं।**
  He may have to face serious consequences.
- **यह उसके कर्मों का परिणाम है।**
  This is the consequence of his deeds.
- **सफलता निरंतर प्रयासों का नतीजा होता है।**

  Success is the consequence of constant efforts.

- **मुझे नहीं पता कि परिणाम क्या होंगे।**
  I don’t know what the consequences will be.

Consider **(v.)** – कन्सिडर – विचार करना/मानना – To Review / To believe

- **मुझे लगता है कि हमें वास्तव में नेहा के प्रस्ताव पर विचार करना चाहिए।**
  I think we should really consider Neha’s proposal.
- **मैं स्वामी विवेकानंद को एक उत्कृष्ट शिक्षक मानता हूँ।**
  I consider Swami vivekanand to be an excellent teacher.

Constant **(adj.)** – कॉन्सटेन्ट – लगातार / स्थिर – Continuous / Stable

- **किसी भी कौशल को सीखने के लिए लगातार**

अभ्यास महत्वपूर्ण **है।**
Constant practice is important to learn any skill.

- **स्वचालित हीटर ने कमरे में एक स्थिर तापमान बनाए रखा।**
  The automatic heater maintained a constant temperature in the room.

Content (adj.& n.) – कन्टैन्ट – संतुष्ट / सामग्री –Satisfied / Material

- **खुश वह आदमी है जो संतुष्ट है।**
  Happy is the man who is content.
- **पुलिस ने बॉक्स की सामग्री की जांच की।**
  The police examined the content of the box.

Contest (n. & v.) – कॉन्टेस्ट – प्रतियोगिता / चुनाव लड़ना – Competition / To fight election

- **प्रियंका चोपड़ा ने सौंदर्य प्रतियोगिता जीती।**
  Priyanka Chopra won the beauty

contest.

- **मीरा कुमार ने संसद में स्पीकर पद के लिए चुनाव लड़ा।**
  Meera Kumar contested for the post of speaker in Parliament.

Contract **(v. & n.)** – कॉन्ट्रैक्ट – सिकुड़ना / संविदा – To shrink / Agreement

- **ठंडा होने पर धातु सिकुड़ता है।**
  Metal contracts when cooled.
- **अल्पकालीन संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को बिना सूचना के बर्खास्त कर दिया गया था।**
  The employees appointed on short term contract were dismissed without notice.

Contradict – (vt.) – कॉन्ट्रडिक्ट – विरोध करना / उलट करना / खंडन – Negate / Refute

- **जिस तरह से नेता हर पाँच साल में वोट मांगने आते हैं और वादे करते हैं, अजीब लगता है**

क्योंकि अधिकतर जीतने के बाद उल्टा ही करते हैं।
The way politicians come in every five years to appeal for voting and make promises looks odd because most of them contradict what they promise.

- **दलबदलू व्यक्ति पहले कोई बात कहता है फिर अपने फायदे के लिए अपनी ही बात का उलट करता है।**
  A turncoat says something before and then for his benefit contradicts his own statement.

Contrary-(adj.) – कॉन्ट्ररी – विपरीत – Opposite / Against

- **राहुल बहुत ही बद्तमीज़ और बदमाश लड़का है, उसके विपरीत उसका भाई नकुल बहुत ही आदर्शवादी और शरीफ लड़का है।**
  Rahul is an ill-mannered and naughty boy; to the contrary, his brother Nakul

is a very respectful and decent boy.

- **मैं मेडिकल की पढ़ाई करके डॉक्टर बनना चाहता हूँ, इसके विपरीत मेरे माता – पिता यह चाहते हैं कि मैं इंजीनियरिंग करूँ।**
  I want to study medicine and become a doctor, but on the contrary, my parents want me to do engineering.

Control **(n.)** – कन्ट्रोल – संयम/ काबू में रहना/ रोकना – Command / Govern

- **आप सब कुछ अपने काबू में नहीं कर सकते।**
  You can’t control everything.
- **मैं अपने गुस्से को रोक नहीं सका।**
  I couldn’t control my anger.

Convene (v.) – कन्वीन – बुलाना, आयोजित करना – To call up / To arrange

- **हमारे बॉस ने कल एक मीटिंग बुलायी थी।**
  Our boss had convened a meeting yesterday.

- **इस अवसर पर एक पार्टी आयोजित की गयी।**
  A party was convened on this occasion.

Convenient **(adj.)** – कन्वीनियन्ट – सुविधाजनक / आसान – Suitable / Easy

- **जब भी आपके लिए सुविधाजनक हो, कृपया मुझे कॉल करें।**
  Please call me whenever it is convenient to you.
- **कंप्यूटर और इंटरनेट ने आधुनिक जीवन को सुविधाजनक बना दिया है।**
  Computer and internet have made modern lives convenient.

Conveyance **(n.)** – कनवेयन्स – सवारी / वाहन – Vehicle / Carriage

- **हम सब के प्रिय गणपति बप्पा हर साल अपनी सवारी मूषक पर आते हैं और हम सब आनंदित हो उठते हैं।**

Our favourite dear Ganpati Bappa comes every year on his conveyance – mouse, and we all get jubilant.

- **मैंने जो नयी कंपनी ज्वाइन की है वो इतनी अच्छी है कि उन्होंने मुझे ऑफ़िस जाने के लिए वाहन का भी प्रबंध करा दिया है।**
  The new company which I have joined is so good that they have even arranged the conveyance for my travelling to office.

Convince **(v.)** – कन्विन्स – समझाना / मनाना – Influence

- **मैंने टॉम को समझाने की कोशिश की कि वो इंग्लिश सीखना न छोड़े।**
  I tried to convince Tom not to give up learning English.
- **उसे मनाना इतना आसान नहीं है।**
  It is not that easy to convince her.

Cool (adj.) – कूल – आकर्षक / ठंडी – Attractive / Cold

- **“दिल बेचारा” वास्तव में एक आकर्षक फिल्म है।**
  “Dil Bechara” is really a cool movie.
- **पौधे ठंडी जलवायु में ज्यादा अच्छी तरह बढ़ते हैं।**
  Plants grow better in cool climates.

Cordially-(adv.) – कॉर्डियली – दिल से – Hearty

- **सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म दिल बेचारा को सभी दर्शकों ने दिल से प्यार दिया और उन्हें श्रद्धांजलि भी दी।Sushant Singh Rajput’s** film Dil Bechara was cordially loved by the audience and they also paid tribute to him.
- **हम किसी को तब तक अपना अच्छा दोस्त नहीं कह सकते जब तक हमें दिल से यह एहसास न हो।**

We cannot call someone a good friend of ours until we cordially fell for it.

Coronation (v.) – कोरोनेशन – राज्याभिषेक करना – Anointment / Accession

- **एक सम्राट के सिर पर मुकुट लगाने के कार्य को राज्याभिषेक करना कहते हैं।**
  Coronation is the act of putting the crown upon a monarch’s head.
- **सभी लोग राज्याभिषेक हॉल में एकत्रित हुए।**
  All the people gathered at the coronation hall.

Courage (n.) – करेज – साहस / हिम्मत – Bravery / Dare

- **तनु अकेले बाहर जाने की हिम्मत नहीं कर पायी।**
  Tanu could not have courage to go out alone.

- **हम सब में सच बोलने की हिम्मत होनी चाहिए।**
  We all should have the courage to speak the truth.

Court (n.) – कोर्ट – न्यायालय / खेल का मैदान – Tribunal / Playing area

- **रिया को न्यायालय में पेश होने के लिए बुलाया गया था।**
  Riya was summoned to appear in court.
- **बैडमिंटन कोर्ट में सायना और सिंधु बैडमिंटन खेल रही थीं।**
  Saina and Sindhu were playing badminton in the badminton court.

Crap (n.) – क्रैप – बकवास / बेवकूफी वाली बात – Ridiculous / Shit

- **उसने हर बकवास चीज ट्राय कर ली, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।**
  He tried all kinds of crap to lose

weight, but of no use.

- **बकवास बंद करो । बस काम पूरा करो।**
  Cut the crap. Just finish the work.

Crave (vt.) – क्रेव – चाहना / इच्छा करना / लालसा / दिली इच्छा – Desire / Strong will

- **लॉकडाउन में घर पर बैठे-बैठे घर का खाना खा खा के अब कुछ बाहर का स्वादिष्ट खाने की इच्छा हो रही है।**
  After sitting at home during the lockdown and eating home-made food throughout, there have been cravings to eat something delicious from outside.
- **वो कहते हैं न कि अगर तुम दिल से किसी चीज़ की इच्छा करो और उसके लिए मेहनत करो तो पूरी दुनिया उसे पूरा करने में लग जाती है।**
  It is said that if you crave for something and work for it, then the entire universe tries to fulfil that wish.

Create **(v.)** – क्रिएट – बनाना / निर्माण करना – Launch / Generate

- **मुझे एक नई वेबसाइट बनानी है।**
  I have to create a new website.
- **शेक्सपियर ने कई प्रसिद्ध चरित्रों का निर्माण किया।**
  Shakespeare created many famous characters.

Credible **(adj.)** – क्रेडिबल – विश्वसनीय / भरोसे लायक – Reliable / Authentic

- **मैंने जहाँ से यह खबर पता की, वह बहुत विश्वसनीय सूत्र है तो यह लगभग नामुमकिन है कि यह बात गलत साबित हो।**
  The source from where I got this news is a very credible source, so it's almost impossible that it turns out to be false.
- **जानवरों में देखा जाए, तो कुत्ते को इंसान का सबसे विश्वसनीय दोस्त माना गया है जो हमेशा**

उसका साथ देता है।
Amongst all the animals, the dog has been said to be the most credible friend of humans who always stays with it.

Credulous (adj.) – क्रैडुलस – भोला भाला / बातों को बहुत जल्दी मान लेने वाला – Trustful

- **रागिनी बहुत भोली है और इस बात का फायदा उठा के सुगंधा ने उसे बेवकूफ़ बना दिया।**
  Ragini is extraordinarily credulous and taking advantage of this Sugandha fooled her.
- **हमें कभी भी किसी अनजान व्यक्ति की बात पर भोला बन कर विश्वास नहीं करना चाहिए बल्कि उसे जांच परख के ही मानना चाहिए।**
  We should not be credulous about anything which is being told by a stranger, instead, we should properly enquire and validate it and then believe.

Crisis **(n.)** – क्राइसिस – संकट – Trouble / Danger

- **कोरोना के समय में पूरी दुनिया बहुत बड़े संकट में हैं जहाँ कई लोगों के पास खाने के लिए और रहने के लिए पैसे नहीं हैं।**
  During the time of Corona, the world is facing a huge crisis where many people don’t have money to eat meals or shelter to live in.
- **बहुत ही सही कहा गया है कि संकट के समय में जो काम आये वही असली दोस्त होता है।**
  It is well said that the one who serves in the time of crisis is a true friend.

Crook **(n.)** – क्रूक – टेढ़ा / बदमाश – Bend / Criminal

- **उस अभिनेता के सामने के दांत टेढ़े और असमान हैं।**
  That actor’s teeth are crooked and

uneven.

- **लोग सोचते हैं कि राजनेता बदमाशों का एक समूह मात्र हैं।**
  People think that politicians are just a bunch of crooks.

Crush (v. & n.) – क्रश – कुचलना / प्यार – To overrun / Love

- **सब्जी में डालने से पहले लहसुन को छीलकर कुचल दें।**
  Peel and crush the garlic before putting it in the vegetable.
- **रफी को रेशमा से प्यार है और वह उसे प्रपोज़ करना चाहता है।**
  Rafi has a crush on Reshma and he wants to propose her.

Courtesy (n.) – कर्टसी – नम्रता / विनम्रता – Manners / Etiquette

- **हमें अपने से नीचे काम करने वालों से नम्रता से बात करनी चाहिए क्योंकि उसी से हमारे व्यक्तित्व का पता लगता है कि हम अपने से नीचे वालों के साथ कैसा बर्ताव करते हैं।**
  We should talk courteously to our juniors because our character is reflected in the way we behave with the ones who are working under us.
- **रोहन बहुत ही अच्छे स्वभाव का है, वो हर किसी से विनम्रता और तरीके से बात करता है।**
  Rohan has a good nature, and he talks courteously and politely with everyone.

Crazy **(Adj.)** – क्रेज़ी – पागल / दीवाना – Lunatic / Passionate

- **साकेत इतनी महंगी बाइक खरीदने के पीछे पागल है।**
  Saket is crazy to buy such an expensive bike.
- **अयांश डांस करने का दीवाना है।**

Ayansh is crazy about dancing.

Crucial **(adj.)** – क्रूशल – ज़रूरी / निर्णायक – Vital / Decisive

- **धोनी ने भारत को कई मौक़ों पर निर्णायक मैचों में असंभव लग रहे मैच में जीत दिलाई है।**
  Dhoni, many times has won India several crucial matches in which victory seemed impossible.
- **ज़िंदगी के ये साल तुम्हारे लिए बहुत ही निर्णायक होंगे क्योंकि तुम इसी से अपना भविष्य बनाओगे।**
  These years of your life are going to be very crucial because you are going to make your future in them.

Culprit **(n.)** – कल्प्रिट – अपराधी / कसूरवार – Criminal / Offender

- **अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है।**
  The culprit has been arrested.

- **पुलिस पहले ही उसे कसूरवार क्यों मान रही है?**
  Why are the police already treating him as a culprit?

Cultivate **(v.)** – कल्टिवेट – खेती करना, विकसित करना – To grow/ To develop

- **यहां तम्बाकू की खेती होती है।**
  Tobacco is cultivated here.
- **उसने अपने अच्छे कर्मों से अपनी छवि को बढाया।**
  He cultivated his image with his good deeds.

Cultivate (v.) – कल्टिवेट – खेती करना, विकसित करना – To grow/ To develop

- **यहां तम्बाकू की खेती होती है।**
  Tobacco is cultivated here.
- **उसने अपने अच्छे कर्मों से अपनी छवि को बढाया।**
  He cultivated his image with his good deeds.

Curious (adj.) – क्यूरियस – जिज्ञासु / उत्सुक – Inquisitive / Eager

- **आप जितना अध्ययन करेंगे, आप उतना ही जिज्ञासु बनेंगे।**
  The more you study, the more curious you will become.
- **अभिनेता हवेली के रहस्यों को जानने के लिए उत्सुक था।**

The actor was curious to know the secrets of the castle.

- **मैं उसके बारे में जानने के लिए उत्सुक था।**
  I was curious to know about him.
- **फ्रैशर्स हमेशा हर नई चीजों के बारे में जानने को लेकर उत्सुक रहते हैं।**
  Freshers are always curious about knowing new things.

Current **(adj. & n.)** – करेन्ट – वर्तमान / विधुतधारा – Existing / Electricity

- **सुरेश अपनी वर्तमान नौकरी छोड़ना चाहता है।**
  Suresh wants to quit his current job.
- **विद्युत धारा तारों से होकर गुजरती है।**
  Electric current passes through the wires.

Curse **(vt.)** – कर्स – अभिशाप / श्राप – Woe

- **कपिल देव की टीम के विश्व विजेता बनने के बाद मानो भारतीय क्रिकेट को श्राप लग गया**

हो, वह अहम मौक़ों पर मैच गँवा देती थी।
After Kapil Dev’s team winning World Championship, it seemed that there was a curse on Indian cricket; it lost matches at crucial stages.

- **भ्रूण हत्या और नारी हिंसा समाज के लिए ऐसे अभिशाप हैं जिन्हे हटाने से समाज एक नयी प्रगति के रास्ते पे चलने लगेगा।**
  Female foeticide and women harassment are a curse to society, omitting which would enable the community to move on the path of progress.

Cynic **(adj.)** – सिनिक – गुस्सा व चिड़चिड़ा होने वाला व्यक्ति – Misanthropist

- **मयंक बहुत ही चिड़चिड़ा व्यक्ति है, वो हर बात पर सामने वाली की ही गलती निकालता है और अपनी गलती उसे नहीं दिखती।**
  Mayank is a cynic, he always points out others’ mistakes and he never

realizes his own mistakes.

- **ऐसा अक्सर देखा गया है कि चिड़चिड़े और गुस्सैल लोगों की बहुत ही कम लोगों से ही अच्छी बनती है।**
  It has been observed that cynic and short-tempered people are hardly able to make good tuning with others.

Words that start with D –

Dainty– (adj) – डेन्टी – सुहावना / मनमोहक / लुभावना / स्वादिष्ट – Delectable / Pretty

- **नंदिनी की मन-मोहक ड्रेस की सभी दोस्तों ने बहुत तारीफ की और इससे नंदिनी बहुत खुश हो गयी।**
  Nandini’s dainty dress was appreciated by all, and it made Nandini very happy.
- **गोलू के साथ अभय एक ढाबे पर गया और वहाँ बहुत ही स्वादिष्ट आलू और पनीर के पराठे खाने का लुत्फ़ उठाया।**

Golu, along with Abhay, went to a dhaba and enjoying eating very dainty Aloo and paneer parathas.

Dais **(n.)** – डायस – मंच – Podium / Stage

- **शुभ को जब प्रथम पुरस्कार मिला तो उसने मंच पर जा कर अपने शिक्षक से वह पुरस्कार प्राप्त किया।**
  When Shubh was awarded the first prize, then he went on to the dais and received the award from his teacher.
- **जब ऋषि पहली बार सबके सामने मंच पर गाना गाने गया तो उसके हाथ पैर फूल गए और वह हताश होकर वापस लौट आया।**
  When Rishi went on to the dais for the first time, he got nervous and then returned sadly.

Dangerous **(adj.)** – डेंजरस – असुरक्षित / भयंकर – Unsafe / Dreadful

- **दोनों ओर रास्तों को देखे बिना सड़क पार करना असुरक्षित है।**
  It’s dangerous to cross the road without looking both ways.
- **अफ्रीका में कुछ सांप बहुत भयंकर होते हैं।**
  Some snakes in Africa are very dangerous.

Date (n.) – डेट – तारीख / खजूर – Day / A fruit

- **आज कौन सी तारीख़ है?**
  What is the date today?
- **खजूर सेहत के लिए बहुत अच्छे हैं क्योंकि ये फाइबर से भरपूर होते हैं।**
  Dates are very good for health because they are rich in fiber.

Daunt (vt.) – डॉन्ट – डराना – Intimidate / Terrify

- **जब सुरेश युवराज के घर उसकी किताब मांगने गया तो उसके गेट पे खड़े कुत्ते को देख कर वह**

बहुत ज़्यादा डर गया और वापिस मुड़ गया।
When Suresh went to Yuvraj’s house to ask for his book, he was daunted by the appearance of a dog at the gate and turned back.

- **जीवन में हर बड़ा काम हमें बहुत मुश्किल और डरावना ही लगता है लेकिन अगर सफलता पानी है तो उस पर जीत हासिल करनी ही होगी।**
  Every work in our life seems to be difficult and daunting, but if success is to be achieved, then one has to win over it.

Dawn **(n.)** – डॉन – सुबह / शुरूआत – Morning / Beginning

- **राहुल ने सुबह से शाम तक काम किया।**
  Rahul worked from dawn to dusk.
- **बिजली का आविष्कार एक नए युग की शुरूआत थी।**

The invention of electricity was the dawn of a new era.

Dazzle-(vt.) – डैज़ल – चकित कर देना / चौंका देना / हैरान कर देना – Astonish / Amaze

- **जब लोगों ने गरीब बच्चे की गाने की प्रतिभा देखी तो सब चकित रह गए और उसकी बहुत प्रशंसा भी की।**
  When people came to know about the singing talent of the poor child, they were dazzled by it and even appreciated him for it as well.
- **जब मोहित ने देखा कि उसके घर में बंदर घुस आया है तो वह चकित हो गया और उसने अपने पड़ोसी को मदद के लिए फ़ौरन बुलाया।**
  When Mohit saw that a monkey had entered his house, he got dazzled by it and immediately called his neighbour for help.

Dazzling (Adj.) – डैज़लिंग – चकाचौंध कर देने

वाला – Shining, Bright

- **चकाचौंध कर देने वाली लाइट ऐसा कर देती है कि थोड़ी देर के लिए कुछ दिखता नहीं है ।**
  A dazzling light makes one's eyes unable to see for a while.
- **उसकी मुस्कुराहट गज़ब की थी और उसकी पर्सनेलिटी भी ।**
  He had a dazzling smile and a superb personality as well.

Dear (n. & adj.) – डियर – प्रिय / महंगा – Beloved / Expensive

- **मेरा देश भारत मुझे बहुत प्रिय है।**
  My country India is very dear to me.
- **खाना स्वादिष्ट था लेकिन बहुत ही महंगा था।**
  The food was tasty but very much dear.

Dearth (n.) – डर्थ – कमी / अकाल / अभाव – Scarcity / Starvation

- **दुनिया के कई हिस्सों में बारिश न होने और पेड़ो के कटने से पीने के पानी का अभाव हो गया है।**
  Due to less rainfall and deforestation in many parts of the globe, there has been a dearth of drinking water.
- **विशाल की बहुत प्रशंसा हो रही है क्योंकि गरीबी और पैसों के अभाव में रहने पर भी वह देश के इतने बड़े इग्ज़ैम में अव्वल आया।**
  Vishal is being widely appreciated because despite facing poverty and a dearth of money, he managed to top one of the most prestigious exams in the country.

Debase– (vt.) – डीबेस – कम करना / कटौती करना – Depreciate / Deteriorate

- **अगर खेल को खेल-भावना से न खेलकर ईर्ष्या की भावना से खेला जाए तो वह खेल की**

गरिमा को कम कर देता है।
If a sport is played with a feeling of hatred instead of the sportsman spirit, then it debases the prestige of the game.

- **नयी चीज़ों को सीखना या बढ़ावा देने का ये अर्थ बिलकुल नहीं है कि हम अपनी पुरानी संस्कृति और रीति रिवाज़ों के लिए इज़्ज़त कम कर देंगे ।**
  Promoting and learning new things certainly doesn’t mean that we will debase the respect for our old traditions and culture.

Decay **(vt.)** – डीके – सड़ना / गलना – Decline / Waste

- **खाने को गर्म करके ही फ्रिज में रखें नहीं तो उसके सड़ने गलने की सम्भावना होती है।**
  Keep the food in the fridge after reheating; otherwise, there are

chances of it getting decayed.

- **खेतों में अधिक बारिश के कारण फल सड़ गए हैं जिससे किसानों को बहुत नुक़सान हुआ है।**
  Due to heavy rainfall in the fields, the fruits have rotten/decayed because of which farmers have incurred a massive loss.

Decent (adj.) – डीसेन्ट **–** सभ्य / काफी अच्छा – Civilized / Fair

- **कई लोगों को एक अच्छा जीवन जीने में मुश्किल हो रही है।**
  Many people are finding it hard to live a decent life.
- **सर के पढ़ाने का तरीका काफी अच्छा है।**
  Sir’s way of teaching is quite decent.

Deception-(n.) – डिसेप्शन – धोखा देना / छल / कपट – Disguise / Cheat

- **अपने बैंक अकाउंट की जानकारी किसी के**

साथ साझा न करें बल्कि देख परख के काम करें नहीं तो बाजार में धोखा देने वाले कंपनियों की कमी नहीं है।
Never share your bank account details with anyone, instead validate and authenticate as there is no shortage of deceiving companies in the market.

- **आजकल इंटरनेट पर धोखाधड़ी के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं इसलिए बहुत ही सावधानी के साथ हमें इसका इस्तेमाल करना चाहिए।**
  Nowadays, deception cases on the internet are increasing; therefore, we should use it with the utmost precautions.

Decision (n.) – डिसीश़न – निर्णय / फैसला – Judgement / Verdict / Conclusion

- **कभी-कभी जल्दी से निर्णय लेना महत्वपूर्ण होता है।**
  Sometimes it is important to make a

decision quickly.

- **बहुत विचार-विमर्श करने के बाद सभी जज एक निष्कर्ष पर पहुंच गए।**
  After much deliberation, all the judges reached on a decision.
- **उच्चतम न्यायालय के जज का फैसला अंतिम होता है।**
  The decision of the Supreme court judge is ultimate.
- **मैं धूम्रपान छोड़ने के आपके निर्णय की सराहना करता हूँ।**
  I applaud your decision to quit smoking.

Dedicate (vt.) – डेडिकेट – समर्पित करना – Devote

- **विराट ने अपनी पूरी ज़िंदगी क्रिकेट को समर्पित कर दी, तब जाकर आज वह इतना बड़ा खिलाड़ी बना है।**
  Virat dedicated his entire life to cricket, after that he has been able to become

such a great player.

- **कई संगीतकार अपने गाने और फिल्में शहीदों को समर्पित कर देते हैं जिन्होंने देश के लिए अपने जान की कुर्बानी दे दी।**
  Many singers dedicate their songs and movies to the martyrs who lost their lives for the nation.

Dedication **(n.)** – डेडिकेशन – किसी काम के प्रति लगन – Devotion / Rendering

- **राधा ने बड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने ऑफ़िस में काम किया और उसे प्रमोशन भी मिल गया।**
  Radhe worked with utmost dedication and diligence in her office and she also got the promotion.
- **लगन और मेहनत से कोई भी इंसान के लिए किसी भी प्रकार का मुश्किल से मुश्किल काम करना संभव है।**
  With hard – work and dedication it is

possible for any person to do even the most difficult tasks of any kind.

Defamatory **(adj.)** – डिफेमेटरी – अपमानजनक – Calumnious, Vilifying

- **अपमानजनक टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।**
  Defamatory comments must not be tolerated.
- **किसी भी व्यक्ति के बारे में अपमानजनक बयान न करने का ध्यान रखें।**
  Take care of not making defamatory statements about any person.

Defect **(n. & v.)** – डिफैक्ट – दोष / रुख करना – Deformity / To shift

- **श्रवण दोष एक शारीरिक नुक्स है जिसे आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता।**
  Hearing defect is a physical flaw that cannot be cured easily.

- **रिपोर्टर आशुतोष ने अपने बेहतर भविष्य के लिए दूसरे टीवी नेटवर्क की ओर रुख किया।**
  The reporter Ashutosh defected to another TV network for his better future.

Defend (vt.) – डिफेंड – रक्षा करना / बचाव करना – Safeguard / Protect

- **भारतीय सेना हमें पड़ोसी मुल्क से और सभी प्रकार के देश के दुश्मनों से लोगों की रक्षा करती है।**
  The Indian Army defends the people from the neighbouring countries and all kinds of enemies of the country.
- **आज के समय में जिस तरह से महिलाओं के खिलाफ हिंसा हो रही है उससे तो लड़कियों को खुद के बचाव के लिए ट्रेनिंग लेनी चाहिए।**
  The way violence against women is increasing nowadays, it seems that girls should get trained on how to defend themselves.

Deference **(n.)** – डेफरेंस – नम्रता / सदाचारी होना / इज़्ज़त करना – Respect / Regard

- **मेले में लोगों की भारी भीड़ थी लेकिन जब मैंने एक बुज़ुर्ग को खड़े हुए देखा तो मैंने नम्रतापूर्वक उन्हें अपनी कुर्सी दे दी।**
  The fair was too crowded, but when I saw an elderly standing, I handed my chair to him with deference.
- **जीवन को अगर घमंड के साथ चलोगे तो कुछ नहीं होगा बल्कि सदाचारी रहोगे तो लोगों की इज़्ज़त और सम्मान प्राप्त होगा।**
  If we live life with arrogance, it’s good for nothing; instead treating others with deference will give you respect and honor from others.

Deficiency **(n.)** – डेफिशिएंसी – कमी – Lack / Shortage

- **डॉक्टर ने प्रतीक को बोला कि उसे घुटने का दर्द इसलिए है क्योंकि उसके शरीर में विटामिन डी की कमी है।**
  The doctor told Prateek that he has pain in his knee because there is a deficiency of Vitamin D in his body.
- **हमें हर प्रकार की फल और सब्ज़ियाँ खानी चाहिए वरना कई प्रकार की बीमारियाँ पोषण देने वाले खाने की कमी से होती है।**
  We should eat all fruits and vegetables; otherwise, many diseases arise due to deficiency of nutrient-rich foods.

Deficit **(n.)** – डेफिसिट – घाटा / कमी – Lack / Shortage

- **बाजार में मंदी के कारण मोहन का कपड़ों का व्यापार घाटे में चल रहा है।**
  Due to the recession in the market, Mohan’s fabric business is running under deficit.

- **पहली पारी में बेहतरीन बल्लेबाज़ी के कारण ऑस्ट्रेलिया भारत से 200 रन पीछे है और मैच में बुरी हालत है।**
  Due to brilliant batting Australia has a deficit of 200 runs against India and is in a precarious situation.

Definitely **(adv.)** – डैफिनेट्ली – निश्चित रूप से / बेशक – Certainly / Undoubtedly

- **अगर रोहित अच्छा नहीं खेलेगा तो टीम निश्चित रूप से हार जाएगी।**
  If Rohit doesn’t play well, team will definitely lose.
- **मुस्कुराना बेशक सबसे अच्छे सौंदर्य उपचारों में से एक है।**
  Smiling is definitely one of the best beauty remedies.

Deformity **(n.)** – डिफॉर्मिटी – कुरूपता – Abnormality / Mutilation

- **राघवेंद्र को बचपन से ही पैरों में कुरूपता थी जिसके कारण वह ठीक से अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाता था और चल भी नहीं पाता था।**
  Raghvendra had a deformity in his legs since childhood because of which he couldn’t stand on his feet and couldn’t even walk.
- **गाड़ी से हुए एक्सीडेंट के कारण सुमन के जबड़े ऐसे हिले कि वह कुरूपता का शिकार हो गयी।**
  Due to her car’s accident, Suman’s jaws were dislocated in such a way that she became a victim of deformity.

Dejected **(adj.)** – डीजेक्टेड – उदास / हताश / निराश / दुखी – Disappointed / Sad

- **अपने इंटरव्यू में फेल होने पर गोविंद बहुत निराश हो गया और पूरे दिन खाना भी नहीं खाया।**
  After failing in the interview, Govind got dejected and didn’t have food the

entire day.

- **भारत की वर्ल्ड कप में हार से हताश समर्थकों ने खिलाड़ियों के पुतले जलाए और उनके खिलाफ नारे-बाज़ी भी की।**
  Dejected fans, after India’s loss in the World Cup, burnt the effigies of the players, and they hooted against them as well.

Deliberate (adj. & v.) – डैलिबरेट – जानबूझकर / विचार-विमर्श करना – Intentional / To discuss

- **पहले मुझे लगा कि रेशमा ने गलती से ऋतिक को बुरा -भला कहा होगा लेकिन बाद में मुझे पता लगा कि उसने ऐसा जान-बूझ कर किया था।**
  At first, I thought Reshma must have spoken ill to Hrithik unintentionally, but later on, I came to know that she did that deliberately.
- **किसी भी बड़े फैसले को लेने से पहले उसके**

पीछे मंथन और पूरे सोच विचार करने के बाद ही अपना निर्णय लेना चाहिए।
Before making any significant decision, there should be severe thinking and deliberation; only after that, the decision should be taken.

- **आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्मिथ ने जानबूझकर गेंद से छेड़छाड़ की बात स्वीकार की।**
  Australian cricketer Smith admitted to deliberate tampering with the ball.
- **विजेता की घोषणा करने से पहले जजों ने एक घंटे तक विचार-विमर्श किया।**
  The judges deliberated for an hour before announcing the winner.

Deliberately **(adv.)** – डैलीब्रेटली – जानबूझकर – Knowingly

- **आप जानबूझकर उसे चोट पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं।**
  You’re deliberately trying to hurt him.

- **मैं जानबूझकर उसकी अनदेखी कर रहा था।**
  I was deliberately ignoring him.

Delicacy (n.) – डेलिकेसी – नाज़ुकता / सूक्ष्मता – Tenderness / Gentleness

- **जिस तरीके से एक कुम्हार नाज़ुकता के साथ अपने हाथों से घड़े को आकार देता है उसी प्रकार हमारे दोस्त हमारे जीवन को एक आकर देते हैं।**
  How a potter gives shape to a pot with such delicacy from his hands, in a similar way, our friends shape our lives.
- **मैं पांच सितारा होटल में जब गया तो मैंने ऐसे लज़ीज़ पकवान देखे जो मैंने जीवन में कभी भी नहीं देखे थे।**
  When I went to a five-star hotel, then I saw such sumptuous delicacies that I had never seen in my entire life.

Delusion-(n.) – डिल्यूज़न – भ्रम – Fallacy /

llusio

- **वह इस भ्रम में जी रहा है कि वह ऐसा इंसान बन जायेगा जिससे कभी गलती हो ही न जबकि ये असंभव है।**
  He is living in such a delusion that he will go on to become such a human who won’t make any mistakes, but it’s impossible.
- **कई बार ऐसा हमारे साथ होता है कि हमें लगता है कि ज़िंदगी में पैसा ही सब कुछ है लेकिन सच्चाई बाद में ही समझ आती है कि यह सब तो बस एक भ्रम था ।**
  Many times it happens to us that we feel like money is everything in life, but the truth is understood later that it was just a delusion.



Delusion-(n.) – डिल्यूज़न – भ्रम – Fallacy / llusio

- **वह इस भ्रम में जी रहा है कि वह ऐसा इंसान बन जायेगा जिससे कभी गलती हो ही न जबकि ये असंभव है।**
  He is living in such a delusion that he will go on to become such a human who won't make any mistakes, but it's impossible.
- **कई बार ऐसा हमारे साथ होता है कि हमें लगता है कि ज़िंदगी में पैसा ही सब कुछ है लेकिन सच्चाई बाद में ही समझ आती है कि यह सब तो बस एक भ्रम था ।**
  Many times it happens to us that we feel like money is everything in life, but the truth is understood later that it was just a delusion.

Demarcation **(n.)** – डिमार्केशन – हद / मर्यादा / सीमा – Partition / Delimitation

- **भारत में किसी भी युवा को वोट देने की सबसे काम उम्र या समय सीमा जो है वो 18 साल है, चाहे वह लड़का हो या लड़की।**
  The age to vote in India is demarcated at the age of 18 years, whether it is a girl or a boy.
- **हमें अपनी खर्च करने की सीमा पता होनी चाहिए नहीं तो इंसान लालच और चीज़ों के आकर्षण में खुद को खो बैठेगा।**
  We should know the demarcation of our expenditure, or else a person will lose himself in greed and attraction of objects.

Demean-**(vt.)** – डीमीन – नीचा दिखाना / बेइज़्ज़त करना – Defame / Disrespect

- **जब संतोष की उसके सामने वाले व्यापारी से**

झड़प हुई तो उसने झूठा आरोप लगा के उसे नीचा दिखने की कोशिश की।
When Santosh had an argument with the vendor who has his shop in front of him, Santosh made false allegations to demean him.

- **हमें कभी भी किसी व्यक्ति को उसका अपमान करने के लिए भला – बुरा कह कर उसे कभी भी नीचा नहीं दिखाना चाहिए।**
  We should never speak ill to someone and demean him.

Demise **(n.)** – डिमाइस – मृत्यु / अवसान – Death / Failure

- **आपके भाई के आकस्मिक निधन ने सभी को स्तब्ध कर दिया।**
  The sudden demise of your brother left everyone shocked.
- **नासा ने ऑपरच्यूनिटी रोवर मिशन के अवसान की घोषणा की।**
  NASA announced the demise of the

Opportunity Rover’s Mission.

Democracy-(n.) – डेमोक्रेसी – लोकतंत्र / जनता या लोगों के द्वारा चुनी हुई सत्ता या सरकार

- **भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांँत्रिक देश है जिसके प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी है।**
  India is the largest democratic country whose Prime Minister is Mr. Narendra DamodarDas Modi.
- **एक लोकतांँत्रिक देश की सबसे बड़ी ताकत उस देश की जनता होती है क्योंकि सारी शक्तियांँ लोगों के पास ही रहती हैं।**
  The biggest strength of a democratic country is its population because all the power rests with the people.

Demolish (v.) – डिमौलिश – तबाह कर देना, धराशायी करना – To destroy

- **बुलडोजर ने 1 घंटे में पूरी बिल्डिंग को धराशायी कर दिया।**
  The bulldozer demolished the whole building within an hour.
- **नयी फैक्ट्री बनाने के लिए उसकी पुरानी फैक्ट्री को तोड़ दिया गया।**
  His old factory was demolished so as to build a new one.

Demonstration-(n.) – डेमंस्ट्रेशन – साबित करना / साबित करके दिखने वाला – Show

- **जब मेरी नयी वाशिंग मशीन आयी तो उसे चलना कैसे है, ये बताने के लिए कंपनी ने एक आदमी भेजा जो उसे चल के दिखायेगा।**
  When my new washing machine came, then how it was to be operated, for that the company sent a person to show me the demonstration on how to operate it.
- **जब रणजीत के ऊपर मार पीट का आरोप**

लगा, तो उसे अपनी बेक़सूरी दिखाने के लिए कोर्ट में खुद को बेगुनाह साबित करना पड़ा।
When Ranjeet faced an allegation of a brawl on him, he had to demonstrate his innocence in the court.

Denial **(n.)** – डिनायल – अस्वीकृत / स्वीकृत न होना / मना होना – Refusal / Rejection

- **कोरोना वायरस के समय घर से बिना मास्क और ग्लव्स पहने निकलना गलत है और किसी को भी स्वीकृत नहीं है।**
  Going out without wearing masks and gloves during the time of Corona is a strict denial by all.
- **प्रज्ञा को भूखे मरना स्वीकार है लेकिन किसी से मदद माँगकर उस पर निर्भर रहने से उसका साफ़ इंकार है।**
  Dying by hunger is acceptable to Pragya, but depending on someone by asking them for help is a denial by her.



Deny **(vt.)** – डिनाय – मना करना / इनकार करना / खंडन करना – Refuse / Refute

- **जब मोहिनी ने अपने पिताजी से स्कूल के बाद बाहर घूमने के लिए पूछा तो उन्होंने साफ़ मना कर दिया क्योंकि बाहर बहुत गर्मी थी।**
  When Mohini asked his father about going out to have fun after the school, she was denied by her father as it was scorching outside.
- **हमारे माता – पिता हमें हर गलत चीज़ को करने, सुनने या देखने से साफ़ मना करते हैं जिससे हम गलत संगति में न पड़ें।**
  Our parents deny us to do, listen, or see anything wrong very strictly as it might lead us to a lousy company.
- **राहुल ने नेहा के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।**
  Rahul denied revealing anything about Neha.
- **नेता जी ने तुरंत सभी आरोपों का खंडन कर**

दिया।
Neta ji immediately denied all the allegations.

Dependant-(n.) – डिपेंडेंट – निर्भर होना – Precarious

- **आरव घर का अकेला सदस्य है जो कमाता है और उसके भाई बहन और उसके माता- पिता उसके ऊपर ही पूरी तरह से निर्भर हैं।**
  Aarav is the only person in the house who earns, and his siblings and parents are totally dependant on him.
- **सऊदी अरबिया और कई अरब देश अपनी पूरी कमाई और अर्थव्यवस्था के लिए हर तरीके से तेल और उससे जुड़े उत्पादों के ऊपर निर्भर हैं।**
  Saudi Arabia and many other Arabic countries are dependent on their oil production and related products in terms of capital and economy.

Depict (vt.) – डेपिक्ट – वर्णन करना –

Represent / Describe

- **प्रेमचंद ने अपनी किताबों में आम लोगों की ज़िंदगी और उनकी परेशानियों का बड़े ही खूबसूरती से वर्णन किया है।**
  Premchand has depicted the ordinary peoples’ lives and their problems very beautifully in his novels.
- **इस किताब में विज्ञान के एक विषय का इतने अच्छे से वर्णन किया गया है कि अनपढ़ आदमी भी देख के कुछ न कुछ तो ज़रूर सीख ही लेगा।**
  Some of the topics of science have been depicted in this book so well that even an illiterate person will gain some knowledge after reading it.

Deplete (vt.) – डिप्लीट – खाली करना / काम करना / व्यय करना – Deplenish / Spend

- **लोग जिस तरह से पानी को बिना सोचे समझे**

व्यर्थ कर रहे हैं उससे ज़मीन के नीचे पानी की मात्रा कम हो रही है जिससे भविष्य में परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।
How people are wasting water without even giving a second thought, and due to that the water level below the ground is getting depleted, which can lead to a lot of trouble in the future.

- **पेड़ पौधे काटना और हर प्रकार से इस प्रकृति को नष्ट करने के कारण कई सारे प्राकृतिक संसाधन धीरे – धीरे इस धरती से लुप्त होते जा रहे हैं।**
  Cutting trees and destroying nature in all sorts of ways is the reason that many natural resources are getting depleted gradually from the earth.

Deprive (vt.) – डिप्राइव – वंचित करना / छीन लेना – Bereave / Dispossess

- **गरीबी ऐसी बुरी बला है कि वो मासूम बच्चों से**

उनका बचपन छीन लेती है और उन्हें कम उम्र में ही काम करने पर मजबूर कर देती है।
Poverty is such a curse that deprives innocent kids of their childhood, and they are forced to work at such an early age.

- **जब किसी देश की सेना सत्ता पलट देती है तो उस देश के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए जाते हैं।**
  When a country’s Army announces a coup, then the rights of the citizens of that country are deprived of them.
- **अक्सर, महिलाएं गांव में उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं।**
  Often, women remain deprive of higher education in the village.
- **बाल श्रम लाखों बच्चों से उनकी शिक्षा छीन लेता है।**
  Child labor deprives millions of children of their education.

Descend **(vt.)** – डिसेंड – उतरना – Get off / Go down

- **राजीव का घर बारहवीं मंज़िल पे है और वहाँ से नीचे सीढ़ी से उतरना संभव नहीं है इसलिए लिफ्ट का इस्तेमाल करना ही पड़ता है।**
  Rajiv's house is on the twelfth floor, and to descend from there by stairs is not possible and that's why a lift has to be used.
- **जब लोग पहाड़ पर चढ़ने जाते हैं तो उन्होंने कहा है कि नीचे उतरने में उन्हें ज़्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है।**
  When people go mountain climbing, they have said that they face more difficulties while they are descending downwards.

Describe **(v.)** – डिस्क्राइब – विस्तार से बताना / वर्णन करना – To narrate / To explain

- **घायल व्यक्ति ने पुलिस को दुर्घटना के बारे में विस्तार से बताया।**
  The injured person described the accident in detail to the police.
- **केवल शब्दों से सौंदर्य का वर्णन नहीं किया जा सकता।**
  Beauty cannot be described merely by words.

Description (n.) – डिस्क्रिप्शन – वर्णन / विवरण – Narration

- **किताब के पहले पन्ने पर ही किताब में दिए गए चैप्टर्स और उनके अलावा सभी चीज़ों की जानकारी बहुत ही अच्छे ढंग से दी गयी है।**
  On the first page of the book itself, the chapters are given in the book, and other things related to it are provided in the detailed description.
- **अगर तुम्हें इस विषय पर और ज़्यादा जाने की इच्छा है तो तुम इंटरनेट पर इसके बारे में देखो,**

उसपर तुम्हें इसका अच्छा विवरण मिलेगा।
If you are interested in knowing even more about this topic, then you should search for it on the internet, there you'll find an excellent description of it.

Deserve **(v.)** – डिज़र्व – हकदार होना / योग्य होना – To be suitable / To have merit

- **चोरी करने वाला व्यक्ति सजा का हकदार होता है।**
  A person who steals deserves punishment.
- **आधुनिक वैज्ञानिकों के आविष्कार ध्यान देने योग्य हैं।**
  The inventions of modern scientists deserve attention.

Desire **(vt.)** – डिज़ायर – इच्छा / लालसा / मनोकामना – Wish / Will / Crave

- **रजत की यह इच्छा है कि बड़ा होकर वह**

डॉक्टर बने और सभी गरीब और बेसहारा लोगों का इलाज मुफ्त में करे।
Rajat has a desire to become a doctor when he grows up and to treat all poor and helpless people for free.

- **मिताली की यह इच्छा है कि वह अपनी पहली कमाई से अपने पापा के लिए एक बढ़िया सा फ़ोन खरीदे।**
  Mitali has a desire to buy an excellent phone for her father from her first-ever salary.

Despair **(n.)** – डिस्पेअर – निराशा – Absense of hope

- **एक प्रेरणा देने वाला भाषण किसी की भी निराशा को उम्मीद में बदल सकता है ।**
  A motivational speech can turn anyone’s despair into hope.
- **उसकी आवाज़ में निराशा थी, शायद इसलिए क्योंकि वो इग्ज़ैम में फेल हो गया ।**

His voice had a feeling of despair, maybe because he failed the exam.

Desperate **(adj.)** – डैस्परेट **–** बेकरार / हताश – Anxious / Hopeless

- **भारती अपना वजन कम करने के लिए बेकरार थी।**
  Bharti was desperate to lose her weight.
- **जब अशोक नौकरी पाने में असफल रहा, तो वह हताश होने लगा।**
  When Ashok failed to get a job, he started feeling desperate.

Desperation **(n.) –** डैस्पेरशन – निराशा / मायूसी – Despair / Disappointment

- **दबाव और निराशा में आकर बल्लेबाज़ ने गेंद हवा में खेल दी और अपना विकेट गँवा बैठा और अंत में टीम हार गयी।**
  Under pressure and desperation, the

batsman played the ball in the air and lost his wicket; in the end, the team eventually lost.

- **निराशा में आकर हमें कभी हर नहीं माननी चाहिए, प्रयास करते रहने पर सफलता ज़रूर हाथ लगेगी।**
  While experiencing desperation, we should never give up/lose hope; working hard will lead us to success.

Despite **(Adv.)** – डिस्पाइट – के बावजूद/फिर भी – In spite of/Even though

- **डॉक्टर अपनी तमाम कोशिशों के बावजूद उसे बचा नहीं सके।**
  The doctors couldn’t save him despite all of their efforts.
- **रमन के दाहिनी बांह में दर्द था, फिर भी वह स्कूल गया।**
  Raman went to school despite pain in his right arm.

Dessert **(n.)** – डैज़र्ट **–** भोजन के अंत में खाई जाने वाली मिठाई – Pudding

- **भोजन के अंत में खाई जाने वाली मिठाई को डैज़र्ट कहते हैं।**
  Sweets eaten at the end of a meal is called Dessert.
- **मैंने डैज़र्ट के लिए एक चॉकलेट केक बनाया है।**
  I have made a chocolate cake for the dessert.

Destination **(n.)** – डैस्टिनेशन – मंज़िल / लक्ष्य – Goal / Target

- **सफलता एक यात्रा है, एक मंज़िल नहीं।**
  Success is a journey, not a destination.
- **आपका मंज़िल क्या है?**
  What is your destination?

Destiny **(n.)** – डैस्टिनी – तक़दीर / नियति – Fortune / Fate

- **शिक्षा के माध्यम से हम अपनी तक़दीर बदल सकते हैं।**
  We can change our destiny through education.
- **कष्ट भोगना मनुष्य की नियति है।**
  It is man’s destiny to suffer.

Destitute **(adj.)** – डैस्टिट्यूट – बेसहारा / निराश्रित – Penniless / Homeless

- **अनेक बेसहारा भारतीय नागरिकों को विदेश स्थित भारतीय दूतावासों द्वारा भारत वापस भेजा जाता है।**
  Many destitute Indian citizens are sent back to India by the Indian Embassies abroad.
- **कई निराश्रित परिवार सड़कों पर दयनीय स्थिति में रह रहे हैं।**
  Many destitute families are living in pathetic condition on the streets.

Destroy (vt.) – डिस्ट्रॉय – नष्ट करना / विनाश करना / नाश करना – Ruin / Destruct

- **कोहली ने अपनी धुआंधार बल्लेबाज़ी से सामने वाले टीम की धज्जियाँ उड़ा दी और भारत को शानदार जीत दिला दिया।**
  Kohli destroyed the opponent with his outstanding batting and handed India a brilliant victory.
- **युद्ध में भारतीय सेना ने अपने तोप और हवाई फायर से दुश्मन की धज्जियाँ उड़ा दीं।**
  In the war, the Indian Army destroyed the enemies by their tank and aerial fire.

Deteriorate (v.) – डिटरिएरेट – बिगड़ना / गिरना – Worsen, Decline

- **उनकी तबियत दिन ब दिन बिगड़ रही है।**
  His health is deteriorating day by day.

- **हमारे बीच चीजें बहुत बिगड़ चुकी हैं।**

Things have been deteriorated badly between us.

Determine **(v.)** – डिटर्मिन – निर्धारित करना / निर्णय करना –To ascertain / To decide

- **आपकी कड़ी मेहनत आपके भविष्य को निर्धारित करेगी।**
  Your hard work will determine your future.
- **मेरे सहकर्मी ने विदेश जाने का निर्णय कर लिया था।**
  My colleague had determined to go abroad.

Detest **(vt.)** – डिटेस्ट – घृणा / नफरत – Hate / Abhor

- **हमें कभी किसी की सफलता से उसके प्रति घृणा या ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए बल्कि उससे सीख लेनी चाहिए।**
  We should not detest someone’s

success; instead, we should take a lesson from it.

- **लोकेश ने एक बार रमिषा को बेवकूफ़ बना के अपना मतलब निकाला था, तब से वह उससे घृणा करती है।**
  Lokesh once fooled Ramisha to get his work done, and since then, she detests him.

Devastate **(v.)** – डैवस्टेट – विनाश करना / ध्वस्त करना – Destroy / Demolish

- **भूकंप अक्सर विनाशकारी होते हैं।**
  Earthquakes are often devastating.
- **आग ने इमारत के एक बड़े हिस्से को ध्वस्त कर दिया।**
  The fire devastated a large part of the building.

Dicey **(adj.)** – डाइसी – जोखिम भरा / अनिश्चित – Risky / Unpredictabl

- **कोहरे ने ड्राइविंग को थोड़ा जोखिम भरा बना दिया था।**
  The fog had made driving a bit dicey.
- **अक्सर छोटे किसानों का भविष्य अनिश्चित होता है।**
  Often the future of small farmers is dicey.

Dictate (vt.) – डिक्टेट – दूसरों को लिखना / हुक्म / आज्ञा – Command / Instruction

- **जब भारत ने मैच में बढ़त ले ली तो उसके बाद उसने पूरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के ऊपर अपनी हुक़ूमत चलाई।**
  When India took a big lead, then it dictated terms in the entire match against Australia.
- **बड़े साहब ने जब पियोन को बुला कर उसे काम करवाने या आज्ञा देने के बजाय अपने साथ बिठा कर खाना खिलाया तो उसका दिल भर आया।**

When the senior officer called the peon, and instead of dictating something or giving him some work, he had lunch with him sitting beside him, this made him emotional.

Diffuse (vt.) – डिफ्यूज़ – फैलाना / उड़ेलना – Disseminate / Radiate / Broadcast

- **परफ्यूम लगाते समय अक्षत ने उसकी बोतल गलती से हाथ से छोड़ दी और गिरने से उसकी सुगंध पूरे कमरे में फ़ैल गयी।**
  While applying perfume, Akshat dropped the bottle by mistake, and due to the spilling of the scent, the entire room got diffused with its fragrance/aroma.
- **विशाखापत्तनम में एक फ़ैक्टरी में गैस लीक होने के कारण पूरे शहर में ज़हरीली हवा फ़ैल गयी और कई लोगों ने अपनी जान गँवा दी।**
  In Visakhapatnam, due to a gas leak, a poisonous gas diffused into the entire

city, and many people lost their lives.

Dignity (n.) – डिग्निटी – इज़्ज़त / प्रतिष्ठा / सम्मान – Respect / Prestige / Deference

- **जब मैंने सचिन तेंदुलकर को अपने सामने वाली टीम की प्रशंसा करते हुए देखा तो मेरे दिल में उनके लिए इज़्ज़त और बढ़ गयी।**
  When I saw Sachin Tendulkar praising even his opponent team, then his dignity in my heart increased even further.
- **हमें अपने घर के बड़े बुज़ुर्गों का ध्यान रखना चाहिए और हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए।**
  We should treat our elderly of the house with care and dignity.

Dilemma (n.) – डिलेमा – दुविधा / असमंजस – Confusion / Suspense

- **जब कोई बच्चा दसवीं की परीक्षा पास करता है**

तो वह यह दुविधा में रहता है कि आगे क्या करना है।
When a child passes his tenth class exams, then he is always in a dilemma regarding what he should do next.

- **जब पवन को रास्ता याद नहीं था और उसे एक जगह से दो मोड़ निकलते हुए दिखाई दिए तो वह दुविधा में पड़ गया कि जाना कहाँ है।**
  When Pavan didn’t remember the way, and he saw two turns from a single road, then he went into a dilemma about which way he should go.

Dilemma **(n.)** – डिलेमा – दुविधा / असमंजस – Confusion / Suspense

- **जब कोई बच्चा दसवीं की परीक्षा पास करता है तो वह यह दुविधा में रहता है कि आगे क्या करना है।**
  When a child passes his tenth class exams, then he is always in a dilemma regarding what he should do next.
- **जब पवन को रास्ता याद नहीं था और उसे एक जगह से दो मोड़ निकलते हुए दिखाई दिए तो वह दुविधा में पड़ गया कि जाना कहाँ है।**
  When Pavan didn’t remember the way, and he saw two turns from a single road, then he went into a dilemma about which way he should go.

Diligence **(n.)** – डिलिजेंस – परिश्रम / सावधानी / सतर्कता – Arduousness / Labor

- **जब प्रतीक का एसएससी के इग्ज़ैम में सलेक्शन हो गया तो सब ने उसके परिश्रम और मेहनत की बहुत तारीफ की।**
  When Prateek was selected in the SSC exam, then everyone praised him for his hard – work and diligence.
- **मैरी कॉम ने एक माँ होते हुए भी बॉक्सिंग के विश्व कप में हिस्सा लिया और बड़े – बड़े खिलाड़ियों को मात देकर वह विश्व विजेता बनी।**
  Mary Kom, despite being a mom, participated in the boxing World Cup and defeated great players to become the World Champion.

Diligent (adj.) – डिलिजैन्ट – मेहनती / परिश्रमी – Hardworking / Laborious

- **अंत में, मेहनती व्यक्ति ही सफल होता है।**
  At the end, only the diligent person succeeds.

- **रतन क्लास में सबसे परिश्रमी स्टूडेंट है।**
  Ratan is the most diligent student in class.

Dilute **(vt.)** – डाइल्यूट – पतला करना / फीका करना – Thin / Lean / Slender

- **जब लस्सी कुछ ज़्यादा ही गाढ़ी बन गयी तो माँ ने उसमे थोड़ा सा पानी मिला कर उसे पतला कर दिया।**
  When the lassi prepared got a bit extra thicker, then mom added a bit of water to dilute it.
- **होटल में खाने के दौरान जब हमने ये पाया कि खाने में नमक ज़्यादा है, तो वेटर ने उसमे थोड़ा सा घी डाल कर उसे हल्का फीका कर दिया।**
  While eating in a restaurant when we found out that the salt was a bit excess in the food, then the waiter added some ghee into the pulse to dilute it.

Diplomat **(n.)** – डिप्लोमेट – चतुर / कूटनीति करने वाला / राजनयिक – Statesman

- **रमन के पिताजी को भारत की तरफ से स्वीडन में राजनयिक के तौर पर भारत सरकार ने भेजा है।**
  Raman’s father has been sent as India’s ambassador to Sweden by the Government of India.
- **प्रदीप बहुत ही चतुर है, वह दो लोगों को दो अलग बात बता के दोनों से फायदा उठा लेता है इसलिए उससे दूर रहने में ही भलाई है।**
  Pradip is very diplomatic, he talks differently to two different people to take advantage of both, and hence it’s better to stay away from him.

Disclose **(vt.)** – डिस्क्लोज़ – उजागर करना / स्पष्ट करना – Reveal

- **ख़ुराना बिलकुल भी विश्वास करने लायक**

आदमी नहीं है, थोड़ी सी लालच देने पर, पैसों के चक्कर में उसने छुपाने वाली बात सबको स्पष्ट रूप से बता दी।
Khurana is not at all a trustworthy person, just by giving a small greed, being lured by some amount of money, he disclosed the secret.

- **जब मैंने गुप्त सूत्रों से उजागर करवाया तब मुझे पता चला कि मुझे बेवकूफ़ बना कर , मुझसे पैसे लेने का प्लान बनाया जा रहा था ।**
  When I made the hidden sources disclose, then I came to know that it was being planned to fool me to take away my money.

Discount **(n.)** – डिस्काउंट – छूट / कम कीमत – Reduction / Lower price

- **अगर मैं नकद में भुगतान करूँ तो क्या मुझे कुछ छूट मिल सकती है?**
  Can I get a discount if I pay in cash?

- **ग्राहक मोबाइल फोन को ऐमेज़न ऑनलाइन स्टोर से कम कीमत पर खरीद सकते हैं।**
  Customers can purchase mobile phones at a discount from Amazon online store.

Discriminate (v.) – डिस्क्रिमिनेट – भेदभाव करना / पक्षपात करना – Set apart

- **मैंने देखा है, आप हमेशा उनके बीच भेदभाव करते हैं।**
  I’ve noticed, you always discriminate between them.

- **उनकी संस्कृति के आधार पर लोगों के साथ भेदभाव करना अनैतिक है।**
  It’s unethical to discriminate against people on the basis of their culture.

Discrimination (n.) – डिस्क्रिमिनेशन – भेदभाव – Bias / Prejudice

- **उसने जातीय भेदभाव का विरोध किया।**
  He opposed racial discrimination.
- **नई सरकार जाति, पंथ या धर्म के आधार पर किसी भी तरह के भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेगी।**
  The new government will not tolerate any discrimination based on caste, creed or religion.

Discussion **(n.)** – डिस्कशन – चर्चा / बातचीत – Conversation / Talk

- **लोकतंत्र के लिए एक पूर्ण और निष्पक्ष चर्चा आवश्यक है।**
  A full and fair discussion is essential for democracy.
- **हम दो घंटे की बातचीत के बाद एक समझौते पर पहुंचे।**
  We arrived at an agreement after two hours’ discussion.

Disgrace **(vt.)** – डिस्ग्रेस – अपमान करना –

Demean / Defame / Disrespect

- **जिस तरह से सब लोगों के सामने गुप्ता जी ने रवि को थप्पड़ मारा, वह बहुत ही ज़्यादा अपमान-जनक बात हो गयी।**
  How Gupta Ji slapped Ravi in front of everyone,it was a very disgraceful act.
- **जब मणिकांत ने अपने माता – पिता को घर में रखने से मन कर दिया , उससे ज़्यादा अपमान जनक उसके माता -पिता के लिए कुछ नहीं हो सकता।**
  When Manikant refused to keep his parents in his home, nothing was more disgraceful than this for his parents.

Disguise (vt.) – डिस्गाइज़ – भेष बदलना – Guise / Muffle

- **जब रणदीप ने अपनी आवाज़ बदल के फ़ोन किया, तब उसके दोस्त परमाल ने उसकी आवाज़ पहचान ली।**

When Randeep tried to disguise his friend while calling by mimicking someone else’s voice, then his friend Parmal recognized him.

- **रावण, सीता माँ का हरण करने के लिए, साधु के रूप में अपना भेष बदल कर आया था।**
  Ravan, in order to kidnap goddess Sita, came in the disguised form of a saint.

Dislocate **(vt.)** – डिस्लोकेट – जोड़ तोड़ करना / अलग करना – Dislodge / Remove

- **जब सोहनजीत का साईकिल से गिर कर हाथ टूट गया तो उसे डॉक्टर ने कहा कि उसकी उँगलियों में से एक हड्डी अलग हो गयी है।**
  When Sohanjeet’s hand got fractured as he fell off the bicycle, the doctor said that a bone had been dislocated in his fingers.
- **कोरोना महामारी के कारण, हज़ारों लोगों को उनके काम पर से निकाल दिया गया है जिससे**

सभी को बहुत दिक्कत आ रही है।
Due to the Corona pandemic, thousands of people have been dislocated from their jobs due to which everyone is facing problems.

Dismal **(adj.)** – डिसमल – घोर उदास / ग़मगीन / अत्यधिक निराश – Depressed / Unhappy

- **ब्राज़ील की फुटबॉल टीम की शर्मनाक हार और ख़राब प्रदर्शन से बहुत ही निराश होकर उनकी टीम के कोच ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया।**
  Getting upset over the horrible loss and poor performance of Brazilian football team, the dismal performance made their coach resign from his position of coach.
- **जब विपुल ने इतनी मेहनत से परीक्षा के लिए तैयारी की और वह तीसरी बार फेल हुआ, तो वह हद से ज़्यादा निराश हो गया।**
  When Vipul prepared for the

examination very laboriously, and he failed for the third time, he became utterly dismal.

Dismay **(vt.)** – डिस्मे – निराश होना / हताश होना – Discomfort / Restlessness

- **जब मनोज ने दिल्ली क्रिकेट टीम के लिए चयनित खिलाड़ियों में अपना नाम नहीं देखा तो वह निराश हो गया।**
  When Manoj wasn’t able to spot his name in the list of selected players for the Delhi Ranji team, he was dismayed.
- **जब चेतन के बहुत समझने पर भी उसकी बात किसी ने नहीं सुनी और मानी तो वह निराश होकर बैठकर रोने लगा।**
  Even after Chetan explained time and again, to his dismay, his aspect was not considered and heeded, he started crying.

Displace **(vt.)** – डिस्प्लेस – स्थान बदलना –

Shift / Remove

- **जब मैं पतंग उड़ा रहा था तो बहुत तेज़ हवा होने के कारण पतंग अपने आप अपनी दिशा बदल रही थी और एक जगह से दूसरे जगह जा रही थी।**
  When I was flying a kite, due to the mighty wind that was blowing, the kite was getting displaced along with changing its direction, making the kite go from one place to the other.
- **शिवम् की अपने बॉस के साथ कभी नहीं बनती इसलिए वह ट्रांसफर होने के कारण अपना स्थान बदलते रहता है।**
  Shivam is never on good terms with his boss; that is the reason why he is often displaced due to transfer orders.

Dispute **(n.)** – डिस्प्यूट – विवाद / झगड़ा – Conflict / Quarrel

- **अंतर्राष्ट्रीय विवादों को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाया जाना चाहिए।**
  International disputes should be settled in a peaceful and amicable manner.
- **वे दोनों पैसे को लेकर झगड़ा कर रहे हैं।**
  Both of them are having a dispute over money.

Distant **(adj.)** – डिस्टेंट – दूर – Afar / Far

- **दिल्ली से चेन्नई इतनी दूर है कि वहाँ अगर ट्रेन से जाया जाए तो कम से कम 22 घंटे लगते हैं।**
  Chennai is so distant from Delhi that if we go there by train, then it takes a minimum of 22 hours.
- **इंटरनेट के कारण, जो लोग मीलों दूर भी बैठे हैं, वो भी बड़े आराम से कभी भी फ़ोन पर एक दूसरे से बात कर सकते हैं।**
  Due to the internet, even those people who are living in distant places can

talk to each other easily over the mobile.

Distinguish (v.) – डिस्टिंग्विश – अंतर करना, भेद करना – Differ / Recognize

- **मैं नहीं पहचान सका कि यह आवाज़ रवि की नहीं थी।**
  I couldn’t distinguish that this voice wasn’t Ravi’s.
- **वो नहीं समझ पाई कि वो कुत्ता था या शेर था और वो उसकी ओर चली गई।**
  She couldn’t distinguish whether that was a dog or a lion and she went towards it.
- **क्या आप इन दो सब्ज़ियों के बीच अंतर नहीं बता सकते?**
  Can’t you distinguish between these two vegetables?
- **कोई भी व्यक्ति सोने और चांदी के बीच आसानी से अंतर कर सकता है।**
  A person can easily distinguish

between gold and silver.

- **प्रेमचंद ने कम उम्र में ही एक लेखक के रूप में अलग पहचान बनाई।**
  Premchand distinguished himself as a writer at an early age.

Distort (vt.) – डिस्टॉर्ट – तोड़ना / बिगड़ना – Spoil / Mutilate / Infect

- **जब मैं सातवीं मंज़िल पर गया तो मेरे मोबाइल का नेटवर्क बिगड़ गया और आवाज़ रुक – रुक कर और बहुत ही धीमी आने लगी।**
  When I went to the seventh floor, my mobile network got distorted, and the incoming voice was shallow and uneven.
- **जब पुलिस ने चोर से सच बताने के लिए कहा तो चोर ने वारदात को तोड़ – मरोड़ कर पेश किया ताकि वो अपने आप को छुड़ा सके।**
  When the police asked the thief to confess the truth, he tried to explain the crime in a distorted manner so that

he could get himself released.

Distribute (v.) – डिस्ट्रीब्यूट – बांटना / वितरित करना – Dispense / Allocate

- **गरीबों के बीच नए कंबल बांटे गए।**
  New blankets were distributed among the poor.
- **कई स्कूलों में इंग्लिशवाले डॉट कॉम की किताबें मुफ्त में वितरित की गई हैं।**
  Englishwale.com books have been distributed free of cost in many schools.

Diversity (n.) – डाइवर्सिटी – विभिन्नता – Multiformity

- **भारत एक ऐसा देश है जहाँ अनेक जाति , बोली , धर्म और संस्कृति के लोग रहते हैं जिसके कारण कहा जाता है कि यहाँ विभिन्नता में भी एकता है।**

India is such a country where people belonging to various caste, language, religion, and culture live due to which it is called that unity in diversity exists here.

- **धरती पर इतने प्रकार के पशु – पक्षी हैं कि इनमें इतनी विभिन्नता देखने मिलेगी जितना हम सोच भी नहीं सकते हैं।**
  There are so many species of birds and animals on earth that the diversity they present to us is just mind-blowing.

Divine **(adj.)** – डिवाईन – पवित्र / दिव्य / अद्भुत – Heavenly

- **कहते हैं श्री कृष्णा ने अपनी अद्भुत शक्तियों से धरती पर सारे असुर, राक्षस और दानवों का विनाश कर, धरती को पाप मुक्त बनाया था।**
  It is said that Lord Krishna, with his divine powers, destroyed all the monsters and evil forces to make

earth free of sins.

- **माँ की ममता और प्यार की तुलना किसी से नहीं की जा सकती और उनके आशीर्वाद लेने से एक दिव्य अनुभूति प्राप्त होती ह।**
  Mother's love and affection can never be compared to any other thing in the world, and her taking her blessings gives us a divine experience.

Divulge **(vt.)** – डाइवल्ज – कोई राज़ खोल देना – Unfold / Publish / Reveal

- **जब गोलू एक बात अपनी दीदी से छुपा रहा था तो उसकी दीदी ने उसे चॉकलेट का लालच दे कर उससे राज़ उगलवा लिया।**
  When Golu was trying to conceal something from her elder sister, her sister lured her with chocolate, and got the secret divulged.
- **देश से जुड़ी कोई गोपनीय बात हमें पड़ोसी मुल्क के किसी भी व्यक्ति को नहीं बतानी**

चाहिए, वो देश हित में नहीं होगा।
Something related to the welfare/well-being of the country must not be divulged to the citizens of a neighboring country as it will be against the nation's harmony.

Doctrine **(n.)** – डॉक्ट्रिन – सिद्धांत – Principle / Law

- **रसिक के पिताजी सिद्धांत के बहुत पक्के हैं और इसलिए अपने दुकान पर सामान बेचते वक़्त, वह कभी भी किसी भी ग्राहक से बेईमानी नहीं करते हैं।**
  Rasik's father follows the doctrine strictly, and that's why while selling things at his shop, he doesn't cheat with any of the customers.
- **जब अँग्रेज़ भारत आये थे तो उन्होंने राज्य हड़पने के लिए कई तरीके निकाले थे, जिनमे से एक था व्यपगत का सिद्धांत जिसमे कि बिना वारिस के राजा से उसका सिंहासन छीन लिया**

जाता था।
When the English came to India, they launched various ways of capturing the states, one of which was the doctrine of a lapse in which a king/ruler who didn’t have an heir was forcefully made to hand over their kingdom.

Dogma-(n.) – डॉग्मा – सिद्धांत – Orientation / Ideology

- **किसी संस्थान के कुछ सिद्धांत होते हैं और जब हम उस संस्थान से जुड़ते हैं, तो हमसे यह उम्मीद की जाती है कि हम उन सभी का पालन करेंगे।**
  Any organisation has its own set of dogma and when we connect with those organisations, then it is expected from us that we will abide by them.

- **जोन्स चर्च में बोले गए हर सिद्धांत और बाइबल की हर सीख को अपने जीवन में लाना चाहता है और एक सफल इंसान बनना चाहता है।**
  Jones wants to learn every dogma of the Bible, spoken out in the Church, implement it in his life and become a successful person.

Dogmatic– (adj.) – डॉग्मैटिक – सैद्धांतिक / हठी – Doctrinist

- **अगर आप नयी पीढ़ी से पूछेंगे तो यह पाएंगे कि वह सैद्धांतिक से ज़्यादा वैज्ञानिक तरीके से काम करने में ज़्यादा विश्वास रखती है।**
  If you ask the new generation, then you will find that they believe in working with a more scientific approach rather than a dogmatic way.
- **श्रद्धा होना अच्छी बात है लेकिन धर्म के नाम पर सैद्धांतिक बन कर, कुछ भी सोचना या बोलना बहुत ही गलत है।**

Having faith is good, but being dogmatic and speaking whatever it feels like in the name of religion is very wrong.

Dominate (v.) – डॉमिनेट – हावी होना / वर्चस्व रखना – To control / To influence

- **वह अपने परिवार पर हावी रहता है और खुद सभी निर्णय लेता है।**
  He dominates his family and makes all the decisions himself.
- **स्पोकन इंग्लिश गुरू ब्रैन्ड की बुक्स आज भी पुस्तक-विक्रय बाजार पर अपना वर्चस्व बनाए हुए है।**
  The books of the Spoken English Guru brand continue to dominate the book-selling market even today.
- **भारतीय बाज़ार में आज भी चीनी कंपनियों का दबदबा कायम है।**
  Chinese companies continue to dominate the Indian market even

today.

Dormant **(adj.)** – डॉर्मेंट – सुस्त / निष्क्रिय – Inactive / Passive

- **जब शिवदीप लांडे पटना के एसपी बने, तब जाकर पिछले कई सालों से निष्क्रिय पुलिस विभाग होश में आया और सामाजिक बुराई को मिटाने में जुट गया।**
  When Shivdeep Lande became the S.P of Patna, the police department, which has been dormant for years, came into action and initiated the movement to remove anti-social elements.
- **कोरोना वायरस के कारण पूरे दुनिया भर के कारोबार और कारखाने निष्क्रिय हो चुके हैं जिससे वैश्विक व्यापार को बहुत नुक़सान हो रहा है।**
  Due to the CoronaVirus, the industry and business all over the world have become dormant, and world business

is facing a huge loss.

Drain (vt.) – ड्रेन – निकालना / नाली / कमज़ोर महसूस करना – Sewer / To outlet / Exit

- **किसी भी घर या सोसाइटी को बनाने के दौरान, जो सबसे बड़ी मुश्किल चुनौती रहती है वो वहाँ से बारिश के दौरान पानी निकलने की व्यवस्था रहती है।**
  During the construction of a house or a society, the biggest challenge always remains regarding how the water will be drained during the rains.
- **जब मैं पूरा दिन ऑफ़िस में मेहनत कर के थका – हारा घर लौटता हूँ तो बहुत ही ज़्यादा थकान और कमज़ोरी महसूस होती है।**
  When I return home from the office after working for so long, I feel so tired and drained out.
- **हमें नालियों को नियमित रूप से साफ करना चाहिए।**
  We should make the drains clean on a

regular basis.

- **पाइप को साफ करने से पहले आपको गंदे पानी को बाहर निकालना होगा।**
  You must drain the dirty water out before cleaning the pipe.

Drastic **(adj.)** – ड्रास्टिक – सख्त / प्रचंड / भीषण – Strong / Rigorous

- **जब तन्मय अपने माँ की बात नहीं सुन रहा था और बिना पूछे सारे काम करता था तब उसकी माँ को उसके खिलाफ काफी सख्त कदम उठाना पड़ा।**
  When Tanmay wasn’t listening to his mom and didn’t take permission from her for doing any work, then her mother decided to take a drastic step against him.
- **जब ओजस जैसलमेर अपने मामा के साथ रेगिस्तान घूमने गया, तो उसे धूपऔर गर्मी का सामना करना पड़ा जो कि मौसम में भरी**

बदलाव के कारण आया था।

When Ojas went to visit the desert in Jaisalmer along with mama, he faced scorching sun and heat, which was a result of drastic changes in the weather.



Drastic (adj.) – ड्रास्टिक – सख्त / प्रचंड / भीषण – Strong / Rigorous

- **जब तन्मय अपने माँ की बात नहीं सुन रहा था और बिना पूछे सारे काम करता था तब उसकी माँ को उसके खिलाफ काफी सख्त कदम उठाना पड़ा।**
  When Tanmay wasn’t listening to his mom and didn’t take permission from her for doing any work, then her mother decided to take a drastic step against him.
- **जब ओजस जैसलमेर अपने मामा के साथ रेगिस्तान घूमने गया, तो उसे धूपऔर गर्मी का सामना करना पड़ा जो कि मौसम में भरी बदलाव के कारण आया था।**
  When Ojas went to visit the desert in Jaisalmer along with mama, he faced scorching sun and heat, which was a

result of drastic changes in the weather.

Drawback **(n.)** – ड्राबैक – कमी – Demerit / Disadvantage

- **यह शर्ट दिखने में तो बहुत ही अच्छी है लेकिन इसकी कमी यही है कि इसके कपड़े की क्वालिटी इतनी ख़राब है कि शरीर पर ज़ख्म हो रहे हैं।**
  This shirt looks good, but there is one drawback to it: the quality of the material used in the cloth is so bad that there have been infections on the body.
- **बड़े शहर में रहने के फायदे तो हैं लेकिन सबसे बड़ा नुक्सान है कि भीड़ का सामना करना पड़ता है, उसके साथ – साथ प्रदूषण की भी दिक्कत आती है।**
  There are a lot of advantages of living in big cities, but the biggest drawback is that we have to face huge crowds,

along with those problems due to pollution.

Dread **(n.)(vt.)** – ड्रेड – भय / डर – Fear / Scare

- **जब से कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया को तबाह किया है, तब से मानो घर से बाहर निकलने में भी बहुत ही ज़्यादा डर लगता है।**
  Since the time the Corona Virus has destroyed the world, it seems dreadful to even step out of the house.
- **बचपन में मार – पिटाई के कारण माधव के मन में एक डर बैठ गया जिसके कारण अब बड़ा होने पर भी अपने पापा से कुछ भी कहने में घबराता है।**
  The physical punishments in childhood had a dreadful impact on Madhav’s mind, and this has made him hesitant with his father even after he is a grown-up.

Drench **(vt.)** – ड्रेन्च – भिगोना – To make wet / Damp

- **मैं एक दिन बिना छतरी के रोड पर निकल गया और अचानक से बहुत तेज़ बारिश होने लगी जिससे मैं बुरी तरह भीग गया।**
  I went on the streets without the umbrella, and all of a sudden, it started raining, and I got utterly drenched.
- **मिथिला की माँ ने उसे बताया कि दाल या चावल बनाने के लिए उसे पानी में भीगा के डालते हैं जिससे वह कुकर में अच्छे से पक जाए।**
  Mithila’s mother told her that, to cook rice or pulse, we have to get it drenched with water so that it gets cooked in the cooker quickly.

Drop **(n. & v.)** – ड्रॉप – बूंद / छोड़ना – Blob / To transport

- **पानी की हर एक बूंद उपयोगी है, कृपया इसे बरबाद न करें।**
  Every single drop of water is useful, please don’t waste it.
- **क्या आप कृपा करके मुझे अपनी कार से बस स्टेशन तक छोड़ सकते हैं?**
  Can you please drop me to the bus station in your car?

Drowsy (adj) – ड्रॉउज़ी – नींद से भरा हुआ – Sluggish / Lethargic / Lazy

- **जब कार्तिक पूरी रात जाग कर फ़ोन चलाता रहा और फिर सुबह कॉलेज आया तो क्लास में पढ़ने के दौरान, वह नींद से भरा हुआ था।**
  When Kartik was awake and used his phone the entire night and then came to college in the morning, during the class while studying, he was feeling drowsy.
- **छोटे बच्चों को कितना भी सुला दो लेकिन थोड़े**

  देर खेलने – कूदने के बाद भी ऐसा लगता है, वह बहुत ही ज़्यादा नींद से भरे हुए हैं।
  However, long one may tell the kids to sleep, but just sometime after they play and hop around, it seems they are drowsy.

Duck **(n. & v.)** – डक – बत्तख / झुकाना – A water bird / To bend down

- **बत्तख जलीय पक्षी हैं जो पानी पर या उसके आसपास रहते हैं।**
  Ducks are aquatic birds that live on or around water.
- **छत इतनी नीची थी कि आगंतुक को अपना सिर झुकाना पड़ा।**
  The ceiling was so low that the visitor had to duck his head.

Dull **(adj.)** – डल – बहुत उबाऊ / सुस्त – Boring/Tedious /lacking interest

- **पुस्तक इतनी नीरस थी कि मैंने उसे पूरा नहीं किया।**
  The book was so dull that I didn’t finish it.
- **लंबे व्याख्यान ने कक्षा को सुस्त बना दिया।**
  The long lecture made the afternoon/ class dull.
- **हम घंटों बात कर सकते हैं और यह कभी सुस्त नहीं पड़ता।**
  We can talk for hours and it never gets dull.
- **मेरा काम सुस्त और उबाऊ है।**
  My job is dull and boring.

Duly (adv.) – ड्यूली – यथायोग्य / उचित – Reasonably

- **वकील ने रमन को कानूनी कागज़ पकड़ाते हुए, उससे कहा कि जहाँ – जहाँ उसका नाम है, वहाँ उचित रूप से हस्ताक्षर कर दें।**
  The lawyer, while handling the legal

document to Raman, said that she has to sign on the apt places accordingly.

- **अगर कोई आदमी मेहनत और पूरी लगन से कोई काम करता है तो उसका यह सोचना उचित है कि उसे तारीफ मिलेगी।**
  If a person does work with diligence and dedication, then he is right if he thinks he should get the credit duly.

Duplicate (v. & n.) – डुप्लिकेट – नकल करना / अनुलिपि – To copy / Photocopy

- **बिना अनुमति के प्रकाशित सामग्री की नकल करना अवैध है।**
  Duplicating published material without permission is illegal.

- **हम दस्तावेजों को वापस नहीं कर पाएंगे, इसलिए अपने साथ इनकी अनुलिपि रख लें।**
  We will not be able to return the documents, so keep their duplicates with you.

Durable **(adj.)** – ड्यूरेबल – टिकाऊ – Lasting / Enduring

- **अक्सर ऐसा देखा गया है कि ज़्यादातर जो चीज़ें कुछ ज़्यादा ही सस्ती होती हैं वो अक्सर टिकाऊ नहीं होती हैं और बहुत जल्दी ख़राब होती हैं।**
  It is often seen that most of the things which are somewhat very cheap are often not durable and get damaged / spoiled easily.
- **मुझे ऐसा फ़ोन ख़रीदना है जो ज़्यादा लंबा चले और टिकाऊ हो, न कि एक दो साल में ही काम करना बंद कर दे।**
  I want to buy such a phone which lasts long and is durable; it shouldn’t be like it stops working in a year or two.

Dusk **(n.)** – डस्क – धुल / अँधेरा / शाम – Darkness / Sunset / Twilight

- **बच्चों को अंधेरा होने से पहले घर आने की हिदायत दी जाती है क्योंकि उसके बाद उनका बाहर अकेले खेलना थोड़ा सुरक्षित नहीं है।**
  Children are advised to come back home before dusk because after that, it’s not safe for them to play alone.
- **सम्राट नॉर्वे में रहता है, एक दिन बात करते समय वह बता रहा था कि वहाँ की शाम बहुत ही ज़्यादा सुन्दर होती है और उसे देखने लोग दूर – दूर से वहाँ आते हैं।**
  Samrat lives in Norway; one day, while talking to me, he told me that the dusk is just incredible there, and people from far away places come to watch it.

Dwell **(vt.)** – ड्वेल – बसना / रहना – Abide / Settle / Reside

- **पलक का जन्म अमेरिका में हुआ था लेकिन उसके बाद उसके माँ बाप भारत आ गए और यहीं पिछले दस साल से रह रहे हैं।**

Palak was born in the United States, but after that, her parents came to India, and they have been dwelling here for the last ten years.

- **तुम उत्तर भारत में जन्मे और रहे हो इसलिए चेन्नई में बसना और यहाँ के माहौल में खुद को ढालने में तुम्हें अभी थोड़ा और समय लगेगा।** You are born in Northern India, and that's why in Chennai, it would take some amount of time for you to adjust and dwell in the ambiance here.

Dwelling (n.) – ड्वेलिंग – घर / मकान / बसेरा – Abode / Residance

- **रमेश के पिताजी ने उनका पुश्तैनी घर बनते हुए देखा था जब उसके पिताजी के दादाजी ने वह घर बनाने के लिए उसकी नींव रखी थी।** Ramesh's father saw his ancestral house being built when his grandpa laid the foundation of the dwelling.
- **अभिनव ने नोएडा में दो करोड़ का घर लिया है**

और कल हमें उसी के गृह प्रवेश के लिए सह परिवार आमंत्रित किया है।
Abhinav has bought a dwelling in Gurgaon for two crores, and tomorrow he has invited us to the housewarming ceremony, with family.

Words that start with E –

Eager **(adj.) –** ईगर – उत्सुक – Avid / Fervent

- **विवेक अपनी कक्षा का सबसे होनहार छात्र है और विज्ञान की कक्षा में वह पढ़ने के लिए बहुत उत्सुक रहता है।**
  Vivek is the most sincere child of his class, and he is very eager to study in the science class.
- **जब मुझे पता चला कि जिस यूनिवर्सिटी के लिए मैंने स्वीडन में अप्लाई किया था, वहाँ मेरा दाख़िला हो गया है तब मेरी उत्सुकता का ठिकाना नहीं था।**

When I came to know that the university in Sweden for which I had applied for has selected my application, I became very eager about it.

Earnest **(adj.) –** अर्नेस्ट – उत्सुक / गंभीर – Eager / Sincere

- **रितु अपने करियर को लेकर बहुत ही ज़्यादा गंभीर है और वह गेम खेलने या टीवी देखने में अपना समय व्यर्थ नहीं करती है।**
  Ritu is pretty earnest about her career, and she doesn’t waste her time watching tv or playing games.
- **सिद्धार्थ की तनख्वाह एक लाख रूपए है और वह अपना काम भी बहुत ही गंभीरता और ईमानदारी से करता है।**
  Siddharth’s salary is one lac rupees, and he even does his job very earnestly and honestly.

Earthly **(adj.)** – अर्थली – सांसारिक – Worldly / Mundane

- **जीवन में बहुत सी सांसारिक चीज़ें हैं जो हमें अपने तरफ आकर्षित करती हैं लेकिन सबसे अनमोल हमारे दोस्त और हमारा परिवार होता है।**
  There are so many earthly things in life that attract us towards themselves, but the most priceless ones are our friends and family.
- **जो लोग संसार का त्याग करके सन्यासी बन जाते हैं वो अक्सर सांसारिक चीज़ों की मोह – माया से ऊपर उठ जाते हैं।**
  Those people who quit the world and become hermits, usually sacrifice all the earthly things, and they have risen above that.

Eatable **(adj.) –** ईटबल – खाने योग्य / खाद्य पदार्थ – Edible

- **जो भी खाद्य पदार्थ बंद डिब्बे या पैकेट में बाजार में मिलते हैं, वे सबसे ज़्यादा हमारी सेहत को नुक्सान पहुँचाते है जैसे की चिप्स और कोल्ड्रिंक।**
  Whichever packaged and canned eatables are sold in the market, they are generally very harmful to our health, such as chips and cold drinks.
- **पहले के समय में आदि मानव हर संभव खाद्य पदार्थ का सेवन करते थे जिसमें कच्चा माँस और पेड़ से टूटे फल भी होते थे।**
  In earlier times, early men feasted on all eatables that they could get, including raw meat and fruits fallen from the tree.

Eclipse **(n.) –** एक्लिप्स – ग्रहण – Shadowing / Obscuration

- **वैज्ञानिक बहुत ही आधुनिक उपकरणों से चंद्र ग्रहण के दौरान पृथ्वी और चंद्रमा की हर एक**

गति-विधि के ऊपर एक पैनी नज़र रखते हैं।
The scientists, with the help of the latest equipment, are keeping an eye on the movements of the Earth and Moon during the lunar eclipse.

- **सूर्य या चंद्र ग्रहण के दौरान आसमान में देखने का एक अलग ही आनंद है, इतना सुन्दर और भव्य सा लगता है।**
  During a solar or lunar eclipse, it is a beautiful experience to look at the sky, such a beautiful and grand view it is.

Ecstasy **(n.) –** एक्सटैसी – परमानंद / बेशुमार ख़ुशी – Bliss / Jubilance

- **जब दो साल लगातार मेहनत करने के बाद, आखिर साहिल की भारतीय सेना में नौकरी लगी तब वह हद से ज़्यादा खुश हुआ और पूरे मोहल्ले में मिठाइयां बँटी।**
  When finally, after two years of hard-work, Sahil got selected in the Indian

Army, he was so ecstatic and distributed sweets in the neighborhood.

- **जब हॉकी के मैच में भारत ने इंग्लैंड को बुरी तरह हराया तब भारतीय समर्थकों ने स्टेडियम में उनका तालियां बजाकर सम्मान किया और उनकी ख़ुशी का ठिकाना नहीं था।**
  When in the hockey match, India defeated England harshly, the Indian supporters appreciated them by applauding, and they were ecstatic.

Edge (n.) – एज – किनारा – Strand

- **हाल ही में ख़बर आयी थी कि एक लड़का फोटो खींचने के चक्कर में पहाड़ के किनारे पे खड़ा था और वहाँ से वह फिसल कर गिर गया और अपनी जान गँवा दी।**
  Recently there was news regarding a boy who was standing on the edge of the cliff while trying to click a picture; he slipped and from there and lost his

life.

- **जब हेमंत अपनी नाव चलाते समय बीच नदी में मगरमच्छ से घिर गया, उसने यह सोचा कि अगर वह किसी तरह किनारे पर पहुँच कर भागने में सफल रहा तो वह बच जायेगा।**
  While Hemant was rowing his boat, he got surrounded by crocodiles, he thought that if somehow he could reach the edge of the river bank and run, then he will be able to save his life.

Edible (adj.) – एडिबल – खाने योग्य – Eatable

- **मैं जब विदेश घूमने स्पेन गया तो मुझे पता लगा कि ऐसी बहुत सारी चीज़ें हैं जो हम भारत में नहीं खाते लेकिन वहाँ पर वो काफी जानी – मानी खाने योग्य डिश है।**
  When I went to travel abroad in Spain, I got to know many things which we don’t eat here in India but are popular edible dishes there.

- **जंगल में इतने सारे फल और पत्ते होते हैं कि इंसान को पता ही नहीं चलता कि खाने योग्य कौन से हैं और ज़हरीली कौन सी हैं।**
  There are so many flowers and leaves in the jungle that a person is unable to find which one is edible and which one is poisonous.

Effective **(adj.)** – इफेक्टिव – कारगर / प्रभावशाली – Powerful / Dominant

- **जब दुनिया की ऊर्जा धीरे धीरे समाप्त हो रही है तब ऊर्जा के पैदा करने की और कई कारगर तरीके सोचे गए हैं जिनमे सौर ऊर्जा भी शामिल है।**
  When the energy sources in the world are deteriorating, many other effective ways have been developed to produce energy, and solar energy is one of them.
- **सफलता पाने के लिए कोई एक तरीका कभी**

भी प्रभावशाली नहीं होता बल्कि हमें हर तरीके को अपना कर देखना पड़ता है कि हमारे लिए सबसे बेहतर कौन सा है।
To achieve success, no particular method is effective; instead, we have to test all types of forms and analyze which one works best for us.

Efficient – एफिशिएंट – कुशल / निपुण / योग्य / दक्ष – Expert / Skilled

- **काम न करने वाले कर्मचारी को कंपनी तुरंत ही बाहर का रास्ता दिखाती है और जो कुशल होते हैं उसकी प्रशंसा के साथ साथ ख्याल भी रखा जाता है कि उन्हें कोई परेशानी न हो।**
  Those who don’t work in a company are removed from there immediately, and those who are efficient are appreciated as well; they are taken care of, it is made sure that they don’t face any problems.

- **मैं सूरज से ये काम पूरा करने कि उम्मीद करता हूँ क्योंकि वह अपने कार्य में बहुत कुशल है और पूरी मेहनत और लगन से अपना काम करता है।** –
  I expect Suraj to get the work done because he is very efficient in his work and does it with utmost dedication and sincerity.

Ego **(n.) –** ईगो – अहंकार / घमंड – Arrogance/ Boasting

- **बहुत ज्यादा अहंकार प्रतिभा को मार डालेगा।**
  Too much ego will kill the talent.
- **पदोन्नति ने वास्तव में नेहा के घमंड को बढ़ा दिया है।**
  The promotion has really increased Neha's ego.

Egoist **(adj.) –** ईगोइस्ट – अहंकारी – Arrogant

- **रंजय एक अहंकारी व्यक्ति है, जो केवल अपनी**

परवाह करता है।
Ranjay is an egoist person, who only cares about himself.

- **आपका अहंकारी व्यवहार आपको लंबे समय में नुकसान पहुँचाएगा।**
  Your egoist behaviour will harm you in a long run.

Egotism **(n.) –** इगोटिज़्म – केवल अपने बारे में बात करना / अहंकार / घमंडी – Arrogance

- **शिवेंदु से कोई बात नहीं करना चाहता है क्योंकि हर समय बस वो अपने बारे में बात करता है या अपनी तारीफ करते रहता है।**
  No one wants to talk to Shivendu because every time he talks about himself or praises himself; due to his egotism.
- **क्रिकेट या फुटबॉल जैसे खेल में अपने स्वार्थ के लिए कभी नहीं खेला जाता नहीं तो टीम को उसका भारी नुकसान उठाना पड़ता है।**

In games like cricket and football, no one plays with egotism; otherwise, the team has to pay for the loss heavily.

Elderly **(adj.) –** एल्डर्ली – अधेड़ / बूढ़ा / बुजुर्ग व्यक्ति – Aged / Venerable

- **हमें कोरोना जैसे महामारी के समय अपने आस पास रह रहे बूढ़े – बुज़ुर्ग की मदद करनी चाहिए जैसे उनके लिए सब्ज़ी फल लाना या उनका कोई बाहर का काम कर देना।**
  During the pandemic such as the Corona, we should help the elderly living around us like getting groceries for them or doing some of their work, which is outdoor-related.
- **हर घर में एक बुज़ुर्ग की ज़रुरत होती है क्योंकि वे घर में शांति और समृद्धि को कायम रखते हैं और हर किसी को सही सलाह देते हैं।**
  There is a need for the elderly in every house because they maintain peace and harmony in the house and give

suggestions to all.

Elect (vt.) – इलेक्ट – चुनना – Choose / Select

- **हर पांच साल में आम चुनाव में देश की जनता को एक मौका मिलता है कि वह अपने पसंद के उम्मीदवार का चुनाव कर सकती है।**
  Every five years during the general elections, the people of the country get a chance to elect a candidate of their choice.
- **चुनाव चाहे पंचायत का हो या ज़िले का या देश का हो, हमें चुनना उसे ही चाहिए जो देश के लिए काम करने का माद्दा रखता हो और तत्पर हो।**
  Whether the elections are at the panchayat level, district level, or national level, we should elect only those who have the will and capability to work for the nation.

Elegant (adj.) – एलिगेन्ट -सुंदर (Sundar) – Beautiful/Impressive

- **उसके बालों का स्टाईल अक्सर बहुत खूबसूरत होता है।**
  Her hair style is often very elegant.
- **आपकी व्याख्या बहुत बढ़िया है।**
  Your explanation is elegant.

Element (n.) – एलिमेंट – कण – Ingrediant

- **हमारा शरीर अनेक कणों से बना हुआ है लेकिन सबसे ज़रूरी तत्व जो है वो है पानी, जिससे की शरीर का लग – भग सत्तर प्रतिशत हिस्सा बना हुआ है।**
  Our body is made of several elements, but an essential element is water, which makes about seventy percent of our body.
- **भारत में क्रिकेट लोगों के दिल में इस कदर बसा हुआ है कि मानो उनके शरीर के हर एक कण में बस क्रिकेट ही बसा हुआ हो।**
  In India, cricket is embedded in the hearts of people in such a way that it seems that cricket is embedded in every element of their body.



Element (n.) – एलिमेंट – कण – Ingrediant

- **हमारा शरीर अनेक कणों से बना हुआ है लेकिन सबसे ज़रूरी तत्व जो है वो है पानी, जिससे की शरीर का लग – भग सत्तर प्रतिशत हिस्सा बना हुआ है।**
  Our body is made of several elements, but an essential element is water, which makes about seventy percent of our body.
- **भारत में क्रिकेट लोगों के दिल में इस कदर बसा हुआ है कि मानो उनके शरीर के हर एक कण में बस क्रिकेट ही बसा हुआ हो।**
  In India, cricket is embedded in the hearts of people in such a way that it seems that cricket is embedded in every element of their body.

Elementary (adj.) – एलीमेंट्री – मौलिक /

प्राथमिक / प्रारंभिक – Basic / Primary

- **हमें किसी भी देश में उसकी प्राथमिक शिक्षा पे सबसे ज़्यादा ध्यान देना चाहिए क्योंकि वही ज्ञान और शिक्षा की सबसे पहली और ज़रूरी नींव होती है।**
  In any country, we should always focus on elementary education there as it’s the primary and vital foundation for knowledge and education.
- **जब भारत को आज़ादी मिली तब हर चीज़ की शुरुआत एक प्रारंभिक रूप से की गयी थी।**
  When India got independence, everything was started in an elementary form.

Elevation (n.) – ऐलिवेशन – ऊँचाई / ऊपर की ओर – Height / Altitude

- **रमन जब पहली बार हवाईजहाज से अपने घर जा रहा था, तब उसने खिड़की से देखा कि वह**

बहुत ज़्यादा ऊँचाई पर है जिससे वह काफी ज़्यादा डर गया।

- When Raman was going home,the first time by flight, he saw from the window that he was at a great elevation, this made him scared.
- **विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत माउंट एवरेस्ट नेपाल में स्थित है और इसकी ऊँचाई तकरीबन 8848 मीटर है।**
  World's largest mountain peak is Mount Everest which is situated in Nepal and its height is around 8848 metres.

Eligible **(adj.) –** एलिजिबल – योग्य – Suitable/ Apt

- **किशोर ने अपनी पढ़ाई मात्र इक्कीस साल में पूरी कर ली थी जिसके कारण कई परीक्षाओं में बैठने के लिए वह योग्य नहीं हुआ था।**
  Kishore completed his studies in just

21 years due to which he was not eligible to sit in the exams.

- **नीरज की लम्बाई भारतीय सेना में जाने के लिए थोड़ी सी काम रह गयी जिसके कारण वह अयोग्य घोषित कर दिया गया।**
  Neeraj's height fell short of the required one to get into the Indian Army due to which he was declared ineligible for it.

Eliminate (v.) – इलिमिनेट – मिटा देना / बाहर हो जाना – To eradicate / To oust

- **लगातार प्रयास से एक दिन दुनिया से गरीबी मिट जाएगी।**
  Continuous efforts will eliminate poverty from the world one day.
- **दिल्ली की टीम रणजी ट्रॉफी के पहले दौर में ही बाहर हो गई थी।**
  Delhi's team was eliminated in the first round of Ranji Trophy.

Elongate (v.) – इलॉन्गेट – लंबा बनाना – To make long

- **अपने भाषण को लम्बा मत खींचो।**
  Don’t elongate your speech.
- **वो किसी भी बात को लम्बा करके बताता है।**
  He elongates his talks.

Elucidate (vt.) – ऐल्युसिडेट – करना / अच्छे से स्पष्ट रूप से समझाना – Explain clearly

- **जब प्राजक्ता से जज ने सवाल पूछा, तो उसे बहुत ही स्पष्ट और साफ़ तरीके से समझा के उन्हें उत्तर देना पड़ा।**
  When the judge questioned Prajakta, she had to express the statement as an elucidated answer.
- **कई बार ऐसा होता है कि आधी – अधूरी बात बताने से लोग उसका गलत मतलब समझ लेते हैं, इस लिए हमेशा पूरी बात साफ़ – साफ़ समझानी चाहिए।**
  Many times it happens that explaining

half of the thing makes people misinterpret you, that’s why one should always express in an elucidated manner.

Embark **(vti.) –** एम्बार्क – शुरुआत / प्रारम्भ – Beginning / Start

- **वह अपने नए जीवन की शुरुआत कर रहा है इसलिए मैं उसके घर उसे बधाई देने मिठाई के डिब्बे के साथ गया था।**
  He is embarking on his new journey in life, and that’s why I went to his home with a box of sweets to congratulate him.
- **बिनोद ने कैनडा में एक जॉब के लिए अप्लाई किया था और उसमे उसका चयन हो गया है जिससे उसके लिए एक नयी शुरुआत हुई है।**
  Binod had applied for a job in Canada, and he has been selected for it, which is why he is about to embark on a new

start.

Embarrass (v.) – इम्बैरस – शर्मिंदा करना / असमंजस में डालना – Abash / Confuse

- **क्या आप मुझे शर्मिंदा करने की कोशिश कर रहे हैं?**
  Are you trying to embarrass me?
- **रोहन ने मुझे अपने दोस्तों के सामने असमंजस में डाल दिया।**
  Rohan embarrassed me in front of his friends.

Embrace (v.) – इम्ब्रेस – गले लगाना / अपनाना – Hug / Accept

- **इस छोटे लड़के ने अपने कुत्ते को गले से लगा लिया।**
  This little boy embraced his dog.
- **परिवर्तन को अपनाना बुद्धिमानी होगी।**
  It will be wise to embrace the change.

Emigrant (n.) – इमिग्रैंट – प्रवासी / दूसरे देश से आये हुए – Migrant

- **अमेरिका में कई लोग ऐसे हैं जो वहाँ के नागरिक न होकर दूसरे देशों से आये हुए हैं और वहाँ अपना कारोबार या जॉब कर रहे हैं।**
  Many people in the United States are not native citizens rather emigrants, and they have their business or job there.
- **बहुत से देश ऐसे हैं जिनके नागरिकों को युद्ध के कारण अपने ही देश को छोड़ कर दूसरे देश में शरणार्थी के रूप में जाकर शरण लेनी पड़ती है ताकि वह ज़िंदा रह सके।**
  There are many countries whose citizens have to leave the country due to wars and go to other countries as emigrants and take shelter there so that they can somehow survive.

Emotion **(n.) –** इमोशन – भावना – Feeling/ Sentiment

- **सीता अपनी भावनाओं को नियंत्रित नहीं कर सकी।**
  Sita couldn’t control her emotions.
- **प्यार और नफरत एक दूसरे की विपरीत भावनाएं हैं।**
  Love and hate are emotions opposite to each other.

Encounter (v. & n.) – एन्काउंटर – भिड़ंत होना / मुठभेड़ होना – Clash / Face off

- **पुलिस के साथ उस मुठभेड़ ने उसे बुरी तरह से डरा दिया था।**
  That encounter with the police had frightened him badly.
- **भारतीय टीम ने 1965 में ऑस्ट्रेलिया के साथ पहला मुकाबला किया था।**
  Indian team had the first counter with Australia in 1965.

Endanger (v.) – इन्डेंजर – खतरे में डालना – Hazard / Risk

- **आप अपनी एक योजना के लिए हजारों लोगों को खतरे में नहीं डाल सकते।**
  You can’t endanger thousands of people for your one plan.
- **ऐसा करने से आपको खतरा हो सकता है।**
  Doing this may endanger you.

Endure (vt.) – एन्ड्यौर – भोगना / सहन करना – To Suffer / To bear

- **कई सौ सालों से महिलाएं बहुत सी प्रताड़ना सहती आ रही हैं लेकिन आज की नारी इतनी शक्तिशाली है कि वह हर क्षेत्र में अपना दबदबा बना रही है।**
  For hundreds of years, women have been enduring exploitation, but today’s woman is so powerful that she is ruling the roost in all fields.
- **अगर कोई भी व्यक्ति आपके साथ गलत कर**

रहा हो या आपके साथ नाइंसाफी हो रही हो तो उसे सहने के बजाय, उसके खिलाफ आवाज़ उठानी चाहिए।
If a person is doing wrong with you or injustice is being done, then instead of enduring it, a voice should be raised against it.

- **युद्ध के दौरान सैनिकों को बहुत कष्ट सहना पड़ा।**
  The soldiers had to endure a lot during the war.
- **तलाक के भावनात्मक दर्द को सहना अक्सर मुश्किल होता है।**
  It is often difficult to endure the emotional pain of divorce.

Enforce **(v.) –** एन्फोर्स – लागू करना- Impose / Apply

- **कोई भी कानून लागू नहीं किया जा सकता, जब तक वो संसद द्वारा पास नहीं किया जाता।**

No law can be enforced unless it’s passed by the parliament.

- **सरकार द्वारा इस कानून को लागू करने के सभी प्रयास निष्प्रभावी थे।**
  All attempts by the government to enforce this law were ineffectual.

Engaged **(adj.) –** इन्गेज़्ड – व्यस्त रहना / सगाई होना – Busy / Occupied

- **रोहन एक मुश्किल काम में व्यस्त है।**
  Rohan is engaged in a difficult task.
- **मेरी बहन की सगाई हो गई।**
  My sister got engaged.

Enhance **(v.) –** एन्हान्स – बढ़ाना / बेहतर बनाना – Increase / Improve

- **कंप्यूटर स्किल्स एक अच्छी नौकरी पाने की आपकी संभावनाओं को बढ़ाएगा।**
  Computer skills will enhance your chances of getting a good job.

- **धनिया पत्ता खाने के स्वाद को बेहतर बनाता है।**
  Coriander leaf enhances the flavor of meal.

Enmity **(n.) –** एनमिटी – शत्रुता / दुश्मनी – Hostility / Ill will

- **आज कल लोग प्रेम और भाईचारे से रहने के बजाय एक दूसरे से दुश्मनी निकाल रहे हैं और अपनी और सबकी ज़िंदगी बर्बाद कर रहे हैं।**
  Nowadays, instead of living with love and brotherhood, people are showing enmity towards one another and destroying their own as well as other people’s lives.
- **छोटे बच्चों को हमें एक दूसरे के साथ दोस्ती करना सीखाना चाहिए ना कि एक दूसरे से दुश्मनी करके हाथा – पाई या लड़ाई करना।**
  We should teach small children to make friends with each other and not

show enmity towards each other and end up quarreling and fighting.

Enormous (adj.) – ऐनॉर्म्स – विशाल / बहुत ही बड़ा / विशालकाय – Huge / Big

- **आज के समय में एक सामान्य भारतीय परिवार के लिए अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए विदेश भेजना एक बहुत ही बड़ी उपलब्धि है।**
  In recent times, for an average Indian family, to send their kids abroad for studies is an enormous achievement.
- **सरदार वल्लभ भाई पटेल के सम्मान में बनाया गया उनका पुतला बहुत ही विशाल है और विश्व के सबसे ऊँची मूर्तियों में इसकी गिनती की जाती है**।
  The statue made in the memory of Sardar Vallabh Bhai Patel is enormous and is rated among the tallest statues in the world.

Enough **(adj.) –** एनफ – पर्याप्त / काफी –

Sufficient / Adequate

- **मेरे पास पर्याप्त पैसा नहीं है।**
  I don’t have enough money.
- **उसके पास सब को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन नहीं था।**
  He didn’t have enough amount of food to feed all.

Enquire (vt.) – ऍनकवायर – पूछताछ करना / जानकारी लेना – Investigate / Query

- **जब हिमांशु के घर के पास एक दुकान से लाखों की लूट हो गयी थी, तब अगले दिन पुलिस हर घर के सदस्य से पूछताछ करने आयी थी।**
  When there was a robbery in a nearby shop to Himanshu’s house, the very next day police arrived to enquire from every member of the house.
- **अक्सर ऐसा देखा गया है कि जब पुलिस अपराधी से पूछताछ करती है तो सच जल्दी नहीं बताता और समय व्यर्थ करने के लिए बात**

  को घूमता रहता है।
  It is often seen that when police enquire from a criminal, then he/she doesn’t reveal the truth easily, tries to talk around, and wastes time.

Ensure (v.) – एन्श्योर – सुनिश्चित करना – To make certain / To make sure

- **पहले ये पक्का कर लो कि कोई आसपास तो नहीं है!**
  First, you ensure that no one is around.
- **मैं सुनिश्चित कर लूंगा कि मुझे रोज़ क्लास में उपस्थित रहना है।**
  I will ensure to attend the class every day.

Enthusiasm (n.) – एन्थुज़ियाज़म – उत्साह / जोश – Zeal / Passion

- **बिना उत्साह के बड़ी सफलता कभी नहीं**

मिलती है।
Great success is never achieved without enthusiasm.

- **हमें जोश और उत्साह के साथ इंग्लिश सीखना चाहिए।**
  We should learn English with passion and enthusiasm.

Entrance **(n.)** – एन्ट्रैन्स – प्रवेश द्वार/प्रवेश परीक्षा – Door/ Admission Test

- **इस संग्रहालय का प्रवेश द्वार कहाँ है?**
  Where is the entrance to this museum?
- **हितेश आजकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी में व्यस्त है।**
  Hitesh is busy nowadays preparing for the entrance examination.

Entrepreneur **(n.) –** ऑन्ट्रप्रनॉर – उद्यमी / व्यवसायी – Industrialist

- **स्टीव जॉब्स एक सफल उद्यमी रहे हैं।**

Steve Jobs has been a successful entrepreneur.

- **व्यवसायी मुनाफा कमाने के लिए व्यावसायिक जोखिम उठाता है।**
  The entrepreneur takes business risks to make a profit.

Envy (vt.) – एनवी – जलन करना / ईर्ष्या करना – Jealous

- **तनुजा की बातों और हरकतों से लग रहा है कि रविशा की सफलता से उसे बहुत ही ज़्यादा ईर्ष्या हो रही है।**
  By the way, Tanuja is talking and behaving, and it seems that she is envious of Ravisha’s success.
- **अगर हमारा कोई मित्र या दोस्त सफल हो जाता है तो उससे जलने या ईर्ष्या करने से अच्छा हमें उससे सीख लेकर खुद सफल होने के लिए मेहनत करनी चाहिए।**
  If any of our friends get successful,

then instead of getting envious or jealous of them, we should take lessons from them and work hard to be successful ourselves.

Epidemic (n.) – एपिडेमिक – संक्रामक रोग / महामारी – Contagious / Infectious

- **कोरोना वायरस नाम का संक्रामक रोग सबसे पहले चीन के वुहान शहर में फैला था जिसके बाद से वह पूरे विश्व भर में फ़ैल गया।**
  The Epidemic named Corona Virus first started in China's city of Wuhan, after which it spread across the world.
- **किसी भी संक्रामक रोग को रोकने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आपस में जितनी ज़्यादा दूरी बनाये रखें और स्वछता और सफाई का ख़ास ध्यान दें।**
  The best way to stop an epidemic is that one should try to maintain as much distance as they can among them and take care of the cleanliness

and hygiene.

Equilibrium – इक्विलिब्रियम – संतुलन – Balance

- **जीवन में हमें हर चीज़ देखनी पड़ती है और सभी चीज़ों के बीच में संतुलन बना के रखना पड़ता है, नहीं तो वो काबू से बाहर चली जाती हैं।**
  We have to look after all the things in life and maintain equilibrium among them, else things go out of control.
- **एक माँ इस बात का शानदार उदाहरण है कि जीवन में घर और बाहर की दुनिया के बीच में हमें किस तरीके से संतुलन बना के रखना चाहिए।**
  A mother is a brilliant example of how we can maintain equilibrium in life by balancing personal life as well as social life.

Equivalent (adj.) – एक्विवैलेन्ट – बराबर या बराबर के मूल्य का – Equal

- **अगर ग्राहक के पास खुल्ले पैसे नहीं होते हैं तो दुकानदार उन्हें उसी के बराबर के मूल्य की और कोई वस्तु बदले में दे देते हैं।**
  If the customer does not have a change, then the shopkeeper generally gives them an item that is worth equivalent to that amount.
- **अमेरिकी एक डॉलर लगभग सत्तर से पचहत्तर भारतीय रुपया के बराबर है जिससे पता लगता है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था कितनी मज़बूत है।**
  One American Dollar is equivalent to 70 to 75 Indian Rupees which shows how strong the economy of the United States is.

Eradicate (v.) – इरैडिकेट – जड़ से उखाड़ना – To remove / To eliminate

- **उसका लक्ष्य गरीबी को जड़ से उखाड़ फेंकना है।**
  His ambition is to eradicate poverty.
- **इसे आसानी से खत्म नहीं किया जा सकता।**
  It can’t be eradicated easily.

Erect **(vt.) –** इरेक्ट – खड़ा करना – Upright / Vertical

- **रीढ़ की हड्डी को स्वस्थ रखने के लिए, अक्सर हमें यह सलाह दी जाती है कि अगर खड़े हो तो कोशिश करो कि सीधे खड़े रहो।**
  To keep our spine healthy, we are often advised that if we are in standing position, then we should stand erectly.
- **रौनक के पिताजी भारतीय सेना में कार्यरत हैं और वह बताता है कि वहाँ पर एकदम स्थिर और सीधा खड़ा होना पड़ता है।**
  Raunak’s father serves in the Indian Army, and he says that there, they have to stand still and in an erect position.

Escape (v.) – इस्केप – भाग जाना/बच निकलना – To flee / To get away

- **कैदियों ने जेल से भागने की कोशिश की।**
  The prisoners tried to escape from the prison.
- **बहादुर लड़के ने बच निकलने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहा।**
  The brave boy attempted to escape, but failed.

Essential (adj.) – इसैन्शियल – बहुत आवश्यक / बहुत ज़रूरी – Very important

- **अगर हम ध्यान से सोचने बैठे तो यह पाएंगे कि दरअसल जीवन में ज़्यादातर चीज़ें बस ऐसे ही हैं और कुछ थोड़े बहुत हैं जो बहुत ही ज़रूरी हैं।**
  If we sit down to ponder, then we will realize that in reality, most of the things in life are simply just like that,

and only a few are essential.

- **भारतीय कुश्ती टीम का ओलम्पिक में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए यह बहुत ज़रूरी है कि उनके सर्वश्रेष्ठ पहलवान सुशील कुमार चोटिल न हों।**

  For the Indian wrestling team to perform well in the Olympics, it is essential that their best wrestler Sushil Kumar doesn’t get injured.
- **किसी के भी लिए सफल होने के लिए अनुभव बहुत जरूरी है।**

  Experience is essential for one to succeed.
- **अपने आप को अप-टु-डेट रखना बहुत आवश्यक है।**

  It’s essential to keep yourself up-to-date.
- **टैस्ट क्रिकेट में अंतिम 20 ओवर अनिवार्य होते हैं।**

  In test cricket, last 20 overs are essential.

Establish **(vt.) –** एस्टब्लिश – स्थापित करना – Set up / Install

- **गांधी जी ने भारत को अंग्रेज़ी के हुकूमत से आज़ादी दिलाई और भारत को एक स्वतंत्र देश के रूप में पूरे विश्व में स्थापित किया।**
  Gandhi Ji got independence for India from the rule of the Britshers and established India as an independent nation in the world.
- **मद्रास यूनिवर्सिटी उन चुनिंदा यूनिवर्सिटी में से एक है जिसकी स्थापना अंग्रेज़ों ने की थी और इनके साथ साथ बॉम्बे यूनिवर्सिटी भी बनी थी।**
  Madras University is one of those selected universities whose establishment was done by the Britishers, and Bombay university was also made alongside it.



Establish **(vt.)** – एस्टब्लिश – स्थापित करना – Set up / Install

- **गांधी जी ने भारत को अंग्रेज़ी के हुकूमत से आज़ादी दिलाई और भारत को एक स्वतंत्र देश के रूप में पूरे विश्व में स्थापित किया।** Gandhi Ji got independence for India from the rule of the Britshers and established India as an independent nation in the world.
- **मद्रास यूनिवर्सिटी उन चुनिंदा यूनिवर्सिटी में से एक है जिसकी स्थापना अंग्रेज़ों ने की थी और इनके साथ साथ बॉम्बे यूनिवर्सिटी भी बनी थी।** Madras University is one of those selected universities whose establishment was done by the Britishers, and Bombay university was also made alongside it.

Esteem (vt.) – एस्टीम – आदर करना / सम्मान करना – Respect / Repute / Honor

- **रोहित अपने चाचा को उनके क्षेत्र में किये गए काम के लिए उनका बहुत आदर सम्मान करता है।**
  Rohit has esteem for his uncle for the work that he has done in his field.
- **वो नेता जो देश से प्रेम करते हैं और गाँव में जाकर लोगों की समस्या का समाधान करते हैं उन नेताओं के लिए लोगों के दिलों में बहुत ज़्यादा आदर – सम्मान की भावना रहती है।**
  Those politicians who have a love for the country and who go from village to village and find solutions to people’s problems, the common mass has tremendous esteem for politicians like them.

Eternal (adj.) – इटरनल – अनंत – Everlasting

- **मनुष्य कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन किसी भी चीज़ को अनंत काल तक अपने साथ नहीं रख सकता।**
  However, hard humans may try, but anything cannot be kept all along with them eternally.
- **ख़ुशी या दुःख, दोनों में से कोई भी अनंत नहीं है बल्कि जीवन में हर मोड़ पर दोनों दस्तक देते रहते हैं।**
  Be it joy or sorrow, either of it doesn't stay eternally; instead, they come into your life at different stages.

Ethics (n.) – एथिक्स – नीति, आचार विचार – Conduct / Manners

- **मुझे काव्य बहुत पाखंडी लड़की लगती है, पहले तो नियम की बातें करती है और फिर कुछ समय बाद ही उनकी धज्जियाँ उड़कर अपना काम निकाल लेती है।**
  I feel like Kaavya is a phony girl; at first, she tells about the rules and ethics,

and sometime later, she kicks them to get his work done.

- **एक अच्छे और प्रगतिशील समाज की नींव एक अच्छी नीति के दम पर ही होती है, नहीं तो समाज में असामाजिक तत्वों का बोलबाला होगा।**
  The foundation of a fair and progressive society is laid on the basics of ethics, and else there will be a dominance of anti-social elements in the society.

Etiquette (n.) – एटिकेट – शिष्टाचार/तहज़ीब – Protocol / Manners

- **हर देश में सामाजिक शिष्टाचार के अपने रीति-रिवाज होते हैं।**
  Every country has its own customs of social etiquette.
- **मेरी माँ तहज़ीब के मामले में बहुत सख्त है।**
  My mother is very strict about etiquette.

Evacuate (vt.) – एवेकुएट – किसी खतरे वाली जगह से सुरक्षित जगह पर ले जाना – Shift

- **जब राँची शहर के एक बड़े होटल में दसवें मंज़िल पर आग लगी तो सभी लोगों को बीच में चल रही पार्टी छोड़कर, कमरा खाली करने को कहा गया।**
  When the fire broke out on the tenth floor of a big hotel in the city of Ranchi, people were told to evacuate out of the room in the middle of the party.
- **जब लेबनान के राजधानी बेरूत में बहुत ही बड़ा धमाका हुआ तो कई लोग मलबे के नीचे फँस गए, राहत कर्मियों की मदद से उन्हें सुरक्षित जगह पर ले जाया गया।**
  When there was a massive explosion in Lebanon’s capital Beirut, many people were trapped inside the debris; with the help of rescue teams, they were evacuated to a safer place.

Evade **(vt.) –** इवेड – हटाना / बच के निकल जाना / किसी तरह बचना – Abstain / Elude

- **प्रमोद के गाँव में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गयी थी, सेना की मदद से वह वहाँ से बच कर निकलने में कामयाब रहा।**
  Pramod's village faced floods due to heavy rain; with the help of the Army, he was able to evade the disaster and come out successfully.
- **बहुत ही तेज़ रफ़्तार में गाड़ी चलाते समय, जब अचानक से एक ट्रक सामने से आया तो पंकज ने बड़ी मुश्किल से उसे अपनी गाड़ी और खुद को बचाया।**
  When driving at a too high speed, suddenly a truck came in front of Pankaj, then he evaded it somehow and saved himself as well as his car.

Even **(adj. & adv.) –** ईवन – सम / और भी – Divisible by two / Further

- **दो, चार, छह, आठ आदि सम संख्याएं हैं।**
  Two, four, six, eight, etc. are even numbers.
- **मुझे यकीन है कि भारत खेलों में और भी बेहतर कर सकता है।**
  I am sure that India can do even better in sports.

Evidence (vt.) – ऐविडेन्स – सबूत / साक्ष्य / प्रमाण – Proof

- **हमारे पास कोई सबूत नहीं है कि वो उस समय वहाँ था।**
  We have no evidence that he was there at that moment.
- **आप बिना किसी सबूत के इसे साबित नहीं कर सकते।**
  You can’t prove it without any evidence.

Evident (adj.) – एविडेन्ट – स्पष्ट / ज़ाहिर –

Obvious / Apparent

- **यह स्पष्ट है कि धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।**
  It is evident that smoking is harmful to health.
- **यह एकदम से ज़ाहिर था कि कंपनी वित्तीय कठिनाइयों में थी।**
  It was quite evident that the company was in financial difficulties.

Evolution (n.) – एवोल्यूशन – विकास – Development / Growth

- **आदि मानव के युग में पत्थर से आग जलाने से लेकर, आज मोबाइल पर एक दूसरे से बात करने को देखा जाए तो पता चलेगा कि मानव जाति का कितना विकास हुआ है।**
  In the medieval age, when the stone was used to light the fire which has now come to talk to each other over the phone, if we see this journey then

we will realize how evolution has taken place for mankind.

- **विज्ञान के अनुसार हम इंसान दरअसल, बंदरों का ही विकसित रूप हैं और गौर से देखें तो दोनों की काफी हरकतें भी एक जैसी मिलती हुईं है।**
  According to science, we humans are an evolution of monkeys, and if we look carefully, then various traits resemble each other.

Exaggerate (vt.) – इग्ज़ैजरेट – बढ़ा चढ़ा कर बोलना / ज़रुरत से ज़्यादा ही बोलना

- **तुषार कभी – कभी खुद की तारीफ करते – करते इतना मशगूल हो जाता है कि वह कुछ ज़रुरत से ज़्यादा ही बोल जाता है।**
  Sometimes Tushar gets so lost while praising himself that he starts exaggerating things.
- **इंटरव्यू के दौरान जब आपसे कुछ पूछा जाए तो कोशिश करें कि उसका उत्तर संक्षिप्त में दें न**

कि ज़रुरत से ज़्यादा बोलकर उन्हें परेशान करें।
When you are asked something during an interview, then try to answer that as precisely as possible, don’t try to annoy them by exaggerating the answer unnecessarily.

Exceed (n.) – एक्ससीड – अधिक होना / ज़्यादा होना – More / Beyond

- **जब राशन की दुकान पर दुकानदार ने चावल की बोरी नापी तो वह लिखे हुए वज़न से लगभग दो किलो ज़्यादा थी।**
  When the shopkeeper at the general store weighed the sack of rice, then it exceeded the printed weight by around 2 kgs.
- **जब पानी का स्तर यमुना नदी में सामान्य से अधिक हो गया तो सारा पानी शहर में प्रवेश कर गया और दिल्ली में बाढ़ आ गयी।**
  When the water level in river Yamuna

exceeded the average level, then the entire water entered the city, and floods struck Delhi.

Exception **(n.)** – एक्सेप्शन – अपवाद / कुछ हटकर – Slander

- **सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ी एक अपवाद हैं जो स्थिति और गेंदबाज़ के बदलने से अपना खेलने का तरीका नहीं बदलते।**
  Players like Sachin Tendulkar are exceptions who don't change their style of play with the change of situation and the bowler.
- **अब्दुल कलाम जैसे महान वैज्ञानिक एक अपवाद हैं जो इतने गरीब घर में पैदा होने के बावजूद भी अपनी मेहनत और लगन के दम पर सफल हुए।**
  Great scientists like Abdul Kalam are an exception who, despite being born in a poor household, succeeded through their dedication and hard

work.

Excited **(adj.)** **–** ऐक्साइटेड – उत्सुक / उत्तेजित – Eager / Enthusiastic

- **स्टूडेंट्स स्पोकन इंग्लिश गुरु चैनल के नए वीडियो देखने के लिए हमेशा उत्साहित रहते हैं।**
  Students are always excited to watch new videos of Spoken English Guru channel.
- **बल्लेबाजी के लिए कोहली के आते ही दर्शक उत्तेजित हो उठे।**
  The audience got excited as soon as Kohli came to bat.

Exclamation **(n.)** **–** एक्सक्लमेशन – विस्मयादि बोधक / अचानक उत्पन्न हुए भावनाएं

- **जब नवीन के पिताजी ने उसे बिना बताये घर आ के उसे चौंका दिया तब उसके चेहरे पर विस्मय और आश्चर्य साफ़ झलक रहा था।**

When Naveen’s father surprised him by suddenly coming home, the expression of exclamation and surprise was visible on his face.

- **जब अभिनव की बेटी का जन्म हुआ तो वह उसे देख कर इतना खुश हो गया कि उसके अचानक खुश होने से उसका ब्लड प्रेशर बढ़ गया।**
  When Abhinav’s daughter was born, he got so happy that his sudden exclamation of joy made his blood pressure go up.

Exclusive (n.) – एक्सक्लूसिव – जो कहीं और न हो – Unique / Matchless

- **हम कई बार टीवी पर किसी बड़ी हस्ती का इंटरव्यू देखते हैं तो वह ज़्यादातर उसी चैनल पर मिलते हैं, कहीं और नहीं इसलिए उनकी चर्चा ज़्यादा होती है।**
  Whenever we watch an interview of an

eminent personality on tv, then most of the time, it’s broadcasted on that channel only i.e., exclusive, and that’s why it’s more talked about as well.

- **जब मोहित अपने बड़े भाई के लिए उपहार लेने बाजार में गया तो उसने ऐसा कुछ दिखाने को कहा जो कि कहीं और न हो, बस उसी दुकान में मिले।**
  When Mohit went to the market to buy a gift for his elder brother, then he asked to show something very exclusive and could be explicitly found in that shop itself.

Excuse (n. & v.) – एक्सक्यूज़ – बहाना / क्षमा करना – Pretense / To apologize

- **रमेश हमेशा देर से आने के लिए कुछ न कुछ बहाने बनाता रहता है।**
  Ramesh always makes some excuses for coming late.
- **आपका पत्र गलती से खोलने के लिए मुझे क्षमा**

करें।
Excuse me for opening your letter by mistake.

Exempt **(n.) –** इग्ज़ैम्पट – छूट देना / मुक्त करना – Liberate / Make free

- **जो चीज़ें भारत में निर्मित होती हैं, उन पर केंद्र सरकार कुछ टैक्स में छूट देती है ताकि देसी उत्पादन बढ़े और देश तरक्की करे।**
  Those things which are made in India are exempted from tax by the central government, so that the indigenous production increases and the country progresses.
- **मदन के बहुत आग्रह करने पर, उसके स्कूल ने उसकी वार्षिक फ़ीस माफ़ कर दी क्योंकि उसकी आर्थिक स्थिति बहुत ही ज़्यादा ख़राब थी।**
  After a lot of requests made by Madan, his yearly school fee was exempted because his financial condition was

miserable.

Exhausted **(adj.) –** एग्ज़ॉस्टेड – थका हुआ – Tired

- **वहाँ से लौटने के बाद, मैं थक गया।**
  I got exhausted after returning from there.
- **मैं उसके बहानों से थक गया हूँ।**
  I have been exhausted of his excuses.

Exhaustive **(adj.) –** एग्ज़ॉस्टिव – सम्पूर्ण या पूरा – Entire / Detailed

- **मुझे यकीन है कि सीबीआई की पूरी इन्वेस्टिगेशन से दोषी का पता चल जाएगा ।**
  I am sure, that the exhaustive investigation of CBI will reveal the identity of the culprit.
- **ये पूरी लिस्ट नहीं है, कुछ और नाम अभी आने बाकी हैं।**

It's not the exhaustive list; few more names are yet to be announced.

Exhibit (n.) – एग्ज़िबिट – प्रदर्शित करना / दिखाना – Show / Manifest / Display

- **हितेश प्रगति मैदान में घूमने गया तो उसने देखा कि वहाँ पर हर राज्य के लज़ीज़ व्यंजनों की प्रदर्शनी लगी हुई है।**
  When Hitesh went to visit Pragati Maidan, there he saw that there was an exhibition of delicious dishes from each state going on.
- **जब भारत और दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला हुआ, भारतीय गेंदबाज़ों ने बहुत ही बेहतरीन गेंदबाज़ी कौशल प्रदर्शित किया।**
  When there was a match between India and South Africa, the Indian bowlers exhibited brilliant talent.

Exile – एग्ज़ाइल – निर्वासिन / देशनिकाला – Deport / Banish

- **भगवान श्री राम 14 साल के लिए वनवास पर थे।**
  Lord shri Rama was on exile for 14 years.
- **किसी भी तरह से अपने देश से निर्वासित होना किसी के लिए भी एक सुखद अनुभव नहीं है।**
  To be exiled from one's own country in any way is not a sweet experience for anyone.

Existence **(n.) –** एक्ज़िस्टेंस – अस्तित्व में होना – Being / Presence

- **अंग्रेज़ों के ज़माने के दौरान बनायीं गयी कई ऐसी इमारतें हैं जो आज भी अस्तित्व में है और उनकी कीमत लाखों – करोड़ों में है।**
  Many such buildings have been built by the Britishers that are still in existence, and their worth is in lacs and crores.

- **कई हज़ार साल पहले पृथ्वी पर कई और प्रकार के प्राणी हुआ करते थे लेकिन तापमान में अचानक बदलाव के कारण अब वह अस्तित्व में नहीं हैं।**
  Many thousand years ago, various kinds and species of beings used to live, but due to the sudden change in temperature, they are no longer in existence.

Expect **(v.)** – एक्स्पैक्ट – उम्मीद करना / अपेक्षा करना – To hope / To Anticipate

- **हम उम्मीद करते हैं कि आज बारिश होगी।**
  We expect that it will rain today.
- **रमा ने अपने बॉस से समस्या को हल करने की अपेक्षा की।**
  Rama expected her boss to solve the problem.

Expel **(n.) –** एक्सपेल – बाहर निकालना – Repulse / Deport

- **जब बृजेश ने पढ़ने के दौरान मस्ती की तो मैम ने गुस्से में आकर उसे कक्षा से बाहर निकल दिया।**
  When Brijesh was having fun during the class, being angry, the teacher expelled him from the class.
- **जो लोग देश में रहकर ही देश की बुराई करते हैं और उसके पतन के बारे में सोचते हैं ऐसे लोगों को देश से बाहर निकाल फेंकना चाहिए।**
  Those people who criticize the country while living in it and plan for its decline, such people should be expelled from the country.

Expensive **(adj.)** – ऐक्सपैन्सिव – महंगा / बहुमूल्य – Costly / Precious

- **विमान से यात्रा करना महंगा है।**
  It is expensive to travel by plane.
- **हीरा एक बहुत बहुमूल्य रत्न है।**

Diamond is a very expensive gem.

Experience **(n.) –** ऐक्सपीरियन्स – अनुभव/ तजुर्बा – Knowledge/ Expertise / Skill

- **लोग अपने अनुभवों से सीखते हैं।**
  People learn from their experiences.
- **मेरे पास आपके जितना अनुभव नहीं है।**
  I don't have as much experience as you have.

Explanation **(n.) –** एक्स्प्लेनेशन – स्पष्टीकरण / विवरण – Clarification / Description

- **बॉस को क्लर्क का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं लगा।**
  The boss didn't find the explanation of the clerk satisfactory.
- **उसने मुझे विस्तृत विवरण दिया कि कंप्यूटर कैसे काम करता है।**
  He gave me a detailed explanation as to how computer works.

Export **(vt.)** – एक्सपोर्ट – निर्यात – Send overseas

- **भारत की कमाई का सूत्र कई मायनों में उसका निर्यात ही है, जो वो अक्सर दूसरे देशों को खाद्द सामग्री बेच के करता है।**
  India’s source of income in many aspects is its export, which it does to other countries related to eatables.
- **यूरोप के कई देश इतने ज़्यादा अमीर इसलिए हैं क्योंकि वह खाने पीने या छोटी चीज़ों का नहीं बल्कि महंगी और कुछ नायाब चीज़ों का ही निर्यात करते हैं जिसके कारण उन्हें बहुत ज़्यादा मुनाफ़ा होता है।**
  Many countries in Europe are so rich because instead of food items or small commodities, costly and rare items are exported, which is why they have a considerable profit.

Explore **(vt.) –** एक्सप्लोर -कुछ नया करना सीखना

/ खोजना – Find out

- **पवन को वैसे तो गणित में बहुत मन लगता था लेकिन कुछ नया करने के इरादे से उसने जीव विज्ञान भी साथ में पढ़ने का सोचा।**
  Pavan had a fair amount of interest in mathematics, but with an approach of exploring something new, he thought of studying biology alongside.
- **आज कल के बच्चे कुछ नया करने के लिए इतना उत्सुक रहते हैं कि वह अपने बाकी सारे काम करना, जैसे पढ़ाई या खेलना भूल जाते है।**
  Nowadays, the kids are so eager to explore something new so much that they forget to do other things like studying or playing.

Expose **(vt.) –** एक्सपोज़ – प्रकाश में लाना / पर्दाफ़ाश करना – Reveal / Unearth

- **जब कुछ लोगों ने न्यायालय में भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ याचिका दायर की तब कई सारे घूस लेने वाले अफसरों का पर्दाफ़ाश हो गया।**
  When some people filed a petition in the court against some corrupt officers, then all the officers taking bribes were exposed.
- **अख़बार या न्यूज़ चैनल का किसी भी घटना को प्रकाश में लाने में एक अहम किरदार होता है इसलिए इन्हे लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ भी कहा गया है।**
  The newspapers and news channels have an essential role in exposing an incident, and that's why they are also called the fourth pillar of democracy.

Express (v. & adj.) – एक्सप्रेस – व्यक्त करना – To convey / Fast moving

- **क्या आप अपने विचार अंग्रेज़ी में व्यक्त कर सकते हैं?**

  Can you express your ideas in English?
- **यह एक एक्सप्रेस ट्रेन है जो बहुत से स्टेशनों पर नहीं रुकेगी।**
  This is an express train which won’t stop at many stations.

Extempore (n.) – एक्सटेम्पोर – बिना तैयारी के भाषण देना या अभिव्यक्ति – Off hand

- **भाषण देने में बहुत कठिनाई नहीं होती है लेकिन किसी की भाषा पे पकड़ इस बात से पता चलता है कि वह बिना तैयारी के किस तरह बोल पाता है।**
  There is no much difficulty faced while giving a speech, but someone’s command over a language is judged by the way he delivers an extempore.
- **अक्सर हम देखते हैं कि नेता भाषण देते हैं लेकिन इनमें से कुछ बहुत ही अच्छे वक्ता भी होते हैं, वे बिना किसी तैयारी के मंच पर लोगों को संबोधित करते हैं।**
  We often see that many leaders who give speeches, but out of them, some of them are outstanding speakers, they can deliver an extempore and address the people



Extempore **(n.)** **–** एक्सटेम्पोर – बिना तैयारी के भाषण देना या अभिव्यक्ति – Off hand

- **भाषण देने में बहुत कठिनाई नहीं होती है लेकिन किसी की भाषा पे पकड़ इस बात से पता चलता है कि वह बिना तैयारी के किस तरह बोल पाता है।**
  There is no much difficulty faced while giving a speech, but someone's command over a language is judged by the way he delivers an extempore.
- **अक्सर हम देखते हैं कि नेता भाषण देते हैं लेकिन इनमें से कुछ बहुत ही अच्छे वक्ता भी होते हैं, वे बिना किसी तैयारी के मंच पर लोगों को संबोधित करते हैं।**
  We often see that many leaders who give speeches, but out of them, some of them are outstanding speakers, they can deliver an extempore and address

the people

Extend **(vti.) –** एक्सटेंड – बढ़ाना / फैलाना – Enlarge / Expand

- **इनकम टैक्स भरने की आखिरी तारीख 21मई से बढ़ाकर अब 31 मई तक कर दी गई है।**
  The last date for filing the income tax has been extended from 21 May to 31 May.
- **जब अँग्रेज़ पहली बार भारत आये तो सबसे पहले दक्षिण भारत में अपनी पकड़ बनायीं और फिर अपना प्रभुत्व पूरे भारत में फैलाना शुरू कर दिया।**
  When the Britishers first came to India, then they made their hold on Southern India and later on, started extending their influence throughout India.

Extension **(n.) –** एक्सटेंशन – फैलाव – Spreading / Prolifiration

- **हरियाणा के जतिंदर पाल ने जब देखा कि उसके खेत की फसल बहुत अच्छी हो रही है तो उसने अपनी ज़मीन को बढ़ने का फैसला किया।**
  When Haryana’s Jatinder Pal saw that the crops of his field were pretty good, he decided to give an extension to his land.
- **जब कॉलेज में असाइनमेंट देने की तारीख़ आगे बढ़ जाती है तो उसकी छात्रों को अलग ही ख़ुशी मिलती है।**
  When the deadline for submitting the assignment in the college gets extended, the students get a different kind of joy.

Extensive (adj.) – ऐक्सटैन्सिव – बहुत बड़ा / व्यापक – Broad / Wide

- **इस विषय पर उसका ज्ञान बहुत व्यापक है।**
  Her knowledge on this matter is really extensive.

- **उसके घर में एक बहुत बड़ा गार्डन है।**
  There is an extensive garden in his house.

Extensively **(adj.) –** ऐक्सटैन्सिवली – बड़े पैमाने पर, विस्तार से – Broadly / Widely

- **इस टॉपिक को उस वीडियो में विस्तार से बताया गया है।**
  This topic has been covered in that video extensively.
- **इस गांव में आलू की पैदावार बड़े पैमाने पर की जाती है।**
  Potato is cultivated extensively in this village.

Extinct **(adj.) –** एक्स्टिंग्ट – विलुप्त / बुझा हुआ – Vanished / Dead

- **डायनासोर अब एक विलुप्त प्राणी है।**
  Dinosaur is now an extinct creature.

- **माउंट फुजी अब एक बुझा हुआ ज्वालामुखी है।**
  Mount Fuji is now an extinct volcano.

Extinguish **(v.) –** ऐक्स्टिन्विश – बुझाना / मिटाना – Douse / Quench

- **आग बुझाने के लिए फायरब्रिगेड को बुलाया गया था।**
  Firebrigade was called to extinguish the blaze.
- **कौए ने पानी पीकर अपनी प्यास मिटाई।**
  The crow extinguished its thirst by drinking water.

Extract **(vt.) –** एक्सट्रेक्ट – बात का निचोड़ निकलना / छांटना – Essence / Gist

- **न्यूज़ चैनल पर बोल रहे लोगों का काम यही है कि बड़ी जानकारी का निचोड़ निकाल कर उसे आम जनता तक पहुँचाया जाए।**
  The primary role of the spokesperson

on a news channel is to take out the extract of vast data and explain it to the common mass.

- **अच्छा लेखक वही है जो बात को गोल – गोल न घूमा कर, साफ़ स्पष्ट भाषा में उसका निचोड़ बता दे।**
  A good writer is the one who clearly explains the essential extract of the topic instead of talking roundabout.

Extravagant (adj.) – एक्सट्राविगैंट – बेफिज़ूल ख़र्चीला / फ़िज़ूलखर्ची – Squander

- **समझदार व्यक्ति वही कहलाता है जो सिर्फ ज़रुरत का सामान ही खरीदे और फ़िज़ूलख़र्ची बिलकुल न करे।**
  A person is said to be wise only if he buys required things and doesn’t spend extravagantly.
- **अभय के हाथ से पैसा बहुत जल्दी निकलता है क्योंकि वह हर अच्छी चीज़ को देखकर उसपर**



बेफिज़ूल में खर्च कर देता है।
Abhay is not able to hold onto money because he spends extravagantly by getting attracted to a thing.

Extrovert **(adj.) –** एक्स्ट्रोवर्ट – बहिमुर्खी (जो अपनी बात खुलकर शेयर करे) – Friendly

- **मैं खुलकर बोलता हूँ, जिसके कारण मैं कभी-कभी परेशानी में पड़ जाता हूँ।**
  I’m an extrovert person, due to which I sometimes get into trouble.
- **बहिर्मुखी लोग आमतौर पर बहुत अच्छे वक्ता होते हैं।**
  Extrovert people are generally very good speakers.

Words that start with F –

Factor **(n.)** – फैक्टर – गुणक / कारण – Divisor / Cause

- **दो, तीन, चार और छः बारह के गुणक हैं।**
  Two, three, four and six are factors of twelve.
- **कंपनी की विफलता में खराब योजना एक प्रमुख कारण थी।**
  Poor planning was a major factor in the failure of the company.

Fade **(vi.)** – फेड – मुरझाना / बेरंग होना / धूमिल होना – Recede / Decay

- **फूलों को अगर सही मात्रा में पानी और धूप न मिले तो वे बेरंग होकर पेड़ से झड़ जाते हैं।**
  If the flowers don’t get water and sunlight in the right amount, then their color gets faded away, and they fall off the tree.
- **एक बार जब बचपन चला जाता है तो बस उसकी यादें ही रह जाती हैं जो धीरे – धीरे करके ग़ायब होते रहती हैं।**
  Once childhood is gone, then only its

memories remain, which gradually keeps on fading.

Fair **(adj.& n.)** – फेयर – गोरा / निष्पक्ष – White / Just

- **आजकल गोरी त्वचा को सौंदर्य का प्रमाण माना जाता है।**
  Nowadays fair skin is considered as a proof of beauty.
- **एक टीचर को अपने स्टूडेंट्स के साथ निष्पक्ष होना चाहिए।**
  A teacher must be fair with his/her students.

Fascinate **(vt.)** – फैसिनेट – दिल जीत लेना / खुश होना – Captivate / Enchant

- **जब पिंटू अपने प्रिय अभिनेता से मिला तो वह बहुत ज़्यादा खुश हो गया।**
  When Pintu met his favourite actor, he got fascinated by it.

- **उसने गरीब और बेसहारा लोगों को उनके घर पहुँचाकर जो मदद की, उससे उन्होंने सबका दिल जीत लिया।**
  He helped the poor and helpless people to reach their home, and all were fascinated by this act of his.

Fast (adj. & n.) – फास्ट – तेजी से / उपवास – Quickly / Abstaintion

- **आजकल दुनिया तेजी से बदल रही है।**
  The world is changing fast nowadays.
- **महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखती हैं।**
  The women keep fast on Karva Chauth.

Fatal (n.) – फेटल – घातक / जानलेवा – Dangerous

- **अगर सुरेश ने हेलमेट न पहना होता तो उसके साथ हुई दुर्घटना जानलेवा भी साबित हो सकती थी।**

If Suresh hadn’t worn the helmet, the accident with him could have turned out to be a fatal one.

- **एड्स एक बहुत ही घातक बीमारी जिसका इलाज अभी तक नहीं मिला है।**
  AIDS is a fatal disease whose cure has still not been found yet.

Fate **(n.)** – फेट – भाग्य / किस्मत / नसीब – Luck / Fortune

- **किस्मत को दोष देने से कभी कुछ नहीं होता, किस्मत भी उसी का साथ देती है जो बहादुर और मेहनती होते हैं।**
  There is no use blaming your fate; fate also favours the one who is hardworking and dedicated.
- **रश्मि ने इतनी मेहनत कर दी कि उसकी किस्मत को भी हार मानकर उसे सफल बनाना ही पड़ा।**
  Rashmi worked so hard that her fate

also had to give up and make her successful.

Fault **(n.)** – फॉल्ट – गलती / भूल – Mistake / Error

- **जब मीनाक्षी ने फॉर्म गलत भर के जमा कर दिया उसके बाद उसे एहसास हुआ कि अपना नाम लिखने में उसने गलती कर दी।**
  When Minakshi submitted the form with a mistake, then, later on, she realised that she had made a fault in writing her name.
- **अगर गलती हमारी तरफ से हुई हो तो सारे गिले – शिकवे भुला कर हमें सामने से माफ़ी माँगनी चाहिए।**
  If we are the ones responsible for the fault, then we should apologize first by forgetting all the complaints and grouse.

Faulty **(adj.)** – फॉल्टी – दोष-पूर्ण / गड़बड़ / ख़राब

– Problem / Erroneous

- **अभी एक फ़ैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ है जो असली सामान लेकर उसके बदले ख़राब सामान से उसे बदल कर लोगों को चूना लगा रही थी।**
  Recently a factory has been exposed, which took the genuine or real material and exchanged it with the faulty one to do forgery with the people.
- **इतने महंगे मोबाइल में अगर तुम ख़राब चार्जर का इस्तेमाल करोगे तो इसका बहुत बड़ा नुकसान झेलना पड़ेगा।**
  If you use a faulty charger along with such an expensive mobile, then you will have to pay heavily for that.

Feasible **(adj.)** – फीज़िबल – होने के योग्य / सार्थक – Practical, Possible

- **जब अक्षत ने एक काल्पनिक सुझाव दिया तो उसके बॉस ने उसे कोई सार्थक उपाय सोचने**

को बोला।
When Akshat gave a hypothetical suggestion, then hiis boss asked him to suggest a more feasible option.

- **हमेशा प्लान ऐसा बनाना चाहिए जो होने के योग्य हो, न कि कोई ऐसा जो बस दिखने में अच्छा लगे और उस पर अमल करना असंभव ही हो।**
  Always make a plan that is feasible, not that just looks good but impossible to implement.

Feeble-(adj.) – फीबल – कमज़ोर – Weak

- **जीवन में संघर्ष करना सीखना होगा क्योंकि इस दुनिया में कमज़ोर के लिए कोई जगह नहीं है।**
  One should learn how to struggle in life because there is no room in this world for the feeble.
- **नरेश इतना पतला – दुबला और कमज़ोर है कि**

उससे पानी की एक बाल्टी भी नहीं उठ पाती है।
Naresh is so lean- thin and feeble that he is not even able to lift a single bucket of water.

Fictitious (adj.) – फिक्टिशस – काल्पनिक – Hypothetical / Imaginary

- **चाँद पर इंसान का जाना बस एक काल्पनिक दृश्य था जब तक कि नील आमस्ट्रॉन्ग ने पहली बार चाँद पर कदम नहीं रखा।**
  Going to the Moon was a fictitious scene until Neil Amstrong first stepped on the Moon.
- **इंटरनेट और सोशल मीडिया ने युवाओं को एक अलग ही काल्पनिक दुनिया में भेज दिया है जो वास्तविकता से परे है।**
  The Internet and social media have sent the youth into an entirely different fictitious world, which is far away from

reality.

Fierce – फियर्स – भयानक / उग्र – Ferocious / Violent

- **महिमा अपनी टीम को इतना प्यार करती है कि अगर कहीं किसी ने उसके टीम के बारे में कुछ भी उल्टा सीधा बोले तो वह बहुत ही क्रोधित हो जाती है ।**
  Mahima loves her team so much that if anyone says something ill about her team, then she gets fierce about it.
- **शेर एक ऐसा भयानक जानवर है जिसके सामने जाने से बड़े – बड़े कतराते हैं, चाहे वो पिंजरे में ही क्यों न बंद हो।**
  The lion is such a fierce animal in front of which even the mightiest ones hesitate, even though he might be locked in a cage.
- **मैंने अपनी पुस्तक में बड़े और भयंकर जानवरों के बारे में पढ़ा।**
  I read in my book about big and fierce

animals.

- **अब यह प्रतियोगिता उग्र हो गई है।**
  Now this competition has become fierce.

Figure out **(phr. v.)** – फिगर आउट – हिसाब लगाना / पता लगाना – To Imagine / To calculate

- **मैं तुरंत समझ गया कि ये राहुल है।**
  I immediately figured out that it was Rahul.
- **क्या आप ये पता लगा सकते हैं कि मेरी जेब में कितने पेन हैं?**
  Can you figure out how many pens I have in my pocket?

Fill **(v.)** – फिल – भरना / पद धारण करना – To seal / To hold office

- **मजदूर ने दरारें भरने के लिए सीमेंट का इस्तेमाल किया।**
  The labourer used cement to fill the

cracks.

- **इस वर्ष विदेश सेवा के 44 प्रतिशत पद महिलाओं द्वारा भरे गए हैं।**
  This year, 44 percent of foreign service posts have been filled by women.

Filthy **(adj.)** – फिल्थी – गंदा / मैला / बहुत ही खराब – Dirty / Foul/ Disgusting / Nasty

- **यह एक गंदा अस्पताल है जिसमें कोई स्वच्छता नहीं है।**
  This is a filthy hospital with no sanitation.
- **उन्होंने कभी धोया नहीं, और हमेशा गंदी पुरानी जैकेट पहनी।**
  He never washed, and always wore a filthy old jacket.
- **मैं गंदी भाषा से भयभीत था जिसे बच्चे इस्तेमाल कर रहे थे।**
  I was horrified by the filthy language the kids were using

Fine **(adj.)** – फाइन – जुर्माना / अच्छा – Penalty / Well

- **जज ने अपराधी पर केवल पाँच हज़ार रूपये का जुर्माना लगाया है।**
  The judge has imposed a fine of Rs. 5000/- only on the offender.
